RNI-UPHIN/2009/30721

**दिल्ली**
अधिकतम तापमान 42 डिग्री
न्युनतम तापमान 31 डिग्री

**एनसीआर**
अधिकतम तापमान 41 डिग्री
न्युनतम तापमान 30 डिग्री

गुरुवार 12 जून 2025
सुर्योदय प्रातः 05:23 बजे
सूर्यास्त सांय 19:20 बजे

# एनसीआर टुडे

करंट न्यूज करंट व्यूज



पृष्ठ 4 शिमला समझौता : सवालों के घेरे में पाकिस्तान की मंशा

उत्तर प्रदेश और दिल्ली से एक साथ प्रकाशित | वर्षः 16 | अंक : 237 | गाजियाबाद, गुरुवार 12 जून 2025 | मूल्य : ₹ 2 | पेज : 06 | विक्रमी संवत् 2081 | युगाब्द 5126 | शाक 1946







# 11 साल विफलताओं और जन विरोधी नीतियों का शानदारः कांग्रेस

✷ एनसीआर टुडे. नई दिल्ली ✷

कांग्रेस ने बुधवार को प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व वाली सरकार पर सभी मोर्चों पर विफल रहने का आरोप लगाया और कहा कि इस सरकार के पिछले 11 साल विफलताओं और जन विरोधी नीतियों का 'शानदार स्मारक' हैं। पार्टी महासचिव और छत्तीसगढ़ के पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने मोदी सरकार के 11 साल पूरा होने के अवसर पर उसकी '11 विफलताओं' का उल्लेख किया।



बघेल ने संवादाताओं से बातचीत में आरोप लगाया, 'नरेन्द्र मोदी के 11 साल-विफलताओं और जन विरोधी नीतियों का शानदार स्मारक हैं। उन्होंने शुरुआत में लोगों को सपने दिखाए और 11 साल पूरे होते-होते सिंदूर उजाड़ने तक पहुंच गए।' उन्होंने कहा कि भाजपा के नेता इन 11 वर्षों का खूब ढोल पीट रहे हैं, लेकिन अगर देखें कि 11 साल में आपको क्या मिला है तो पाएंगे कि भाजपा सरकार की सारी योजनाएं विफल हो गई हैं। कांग्रेस नेता ने दावा किया कि प्रधानमंत्री मोदी की पूरी राजनीतिक यात्रा विघटन और विभाजन की रही है। बघेल ने कहा, 'भाजपा सरकार के 11 साल के कार्यकाल में पूरा देश असुरक्षित महसूस कर रहा है, क्योंकि प्रधानमंत्री मोदी कभी कहते हैं कि लोगों की कपड़ों से पहचान हो जाती है, कभी पंचर बनाने वाली बातें करते हैं, कभी श्मशान और कब्रिस्तान की बात करते हैं, आदिवासी-दलितों पर अत्याचार से वह विचलित नहीं होते, लोगों का अपमान करने में उन्हें मजा आता है और उनके लोग जनता को प्रताड़ित करते हैं, फिर भी किसी के ऊपर कोई कार्रवाई नहीं होती।' उन्होंने सरकार पर विदेश नीति को लेकर भी विफल रहने का आरोप लगाया।

कांग्रेस महासचिव ने कहा, 'भारत की अपनी विदेश नीति रही है। जवाहरलाल नेहरू के कार्यकाल से लेकर मनमोहन सिंह तक इस नीति में कभी कोई परिवर्तन नहीं आया, जिसके कारण पूरी दुनिया के लोग भारत की आवाज को गंभीरता से सुनते भी थे और जुड़ते भी थे। लेकिन हाल ही में जो आतंकवादी घटना घटी, पूरी दुनिया ने उसकी आलोचना तो की, लेकिन कोई देश हमारे साथ खड़ा नहीं हुआ।' उन्होंने दावा किया, 'जब भारत-पाकिस्तान के बीच संघर्ष चल रहा था, तब अमेरिका के राष्ट्रपति ने आधे घंटे पहले कहा कि- मैंने संघर्ष विराम करवा दिया।

अमेरिकी राष्ट्रपति ने इस बात को कई बार कहा, जिसके कारण पूरा देश अपमानित महसूस कर रहा है, क्योंकि इसके पहले भारत ने कभी दूसरे देश की मध्यस्थता स्वीकार नहीं की थी।' बघेल ने कहा कि नरेन्द्र मोदी चुनाव के समय तो खूब बोलते हैं, लेकिन ऐसे समय में वह चुप्पी साध लेते हैं। उन्होंने आरोप लगाया कि संवैधानिक संस्थाओं का 11 वर्ष में दुरुपयोग हुआ है और सभी संस्थाएं मोदी सरकार के दबाव में हैं।

## लालू से रिश्ता सिर्फ राजनीति तक समिति नहीं, सामाजिक न्याय के संघर्ष पर आधारित है : राहुल

✷ एनसीआर टुडे. नई दिल्ली ✷

कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी ने बुधवार को राष्ट्रीय जनता दल (राजद) के प्रमुख लालू प्रसाद यादव के जन्मदिन पर उन्हें शुभकामनाएं दीं और कहा कि बिहार के पूर्व मुख्यमंत्री के साथ उनका रिश्ता सिर्फ राजनीति तक सीमित नहीं, बल्कि समान मूल्यों और सामाजिक न्याय के संघर्ष पर आधारित है। लालू प्रसाद बुधवार को 77 साल के हो गए।

लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी ने 'एक्स' पर पोस्ट किया, 'बिहार के पूर्व मुख्यमंत्री और राजद अध्यक्ष लालू प्रसाद यादव जी को जन्मदिन की ढेरों शुभकामनाएं। हमारे बीच का रिश्ता सिर्फ राजनीति तक सीमित नहीं रहा – यह एक गहरा मानवीय जुड़ाव है, जो समान मूल्यों और सामाजिक न्याय के संघर्ष पर आधारित है।'

उन्होंने कहा, 'आपका जीवन संघर्षों से भरा रहा है, लेकिन आपने हमेशा मजबूती और हौसले के साथ उन लोगों की आवाज़ उठाई है, जिन्हें अक्सर अनसुना कर दिया जाता है।' राहुल गांधी ने कहा, 'आज आपके जन्मदिन पर मैं आपके अच्छे स्वास्थ्य और दीर्घायु की कामना करता हूं।'

## भारत के बुनियादी ढांचे का विकास, जीवन को आसान बना रहा है : मोदी



✷ एनसीआर टुडे. नई दिल्ली ✷

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने देश में पिछले 11 वर्षों में किए गए बुनियादी ढांचे के विकास पर प्रकाश डालते हुए बुधवार को कहा कि रेलवे से लेकर राजमार्गों, बंदरगाहों से लेकर हवाई अड्डों तक, भारत का तेजी से फैल रहा बुनियादी ढांचा नेटवर्क 'जीवन को आसान' बना रहा है और समृद्धि को बढ़ा रहा है।

प्रधानमंत्री श्री मोदी ने अपनी सरकार के 10 जून को अपने तीसरे कार्यकाल का एक वर्ष, यानी कुल 11 वर्ष पूरे करने के अवसर पर सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर एक पोस्ट में प्रधानमंत्री ने बुनियादी ढांचे में भारत की उत्कृष्ट प्रगति पर जोर दिया - रेलवे, राजमार्गों, बंदरगाहों और हवाई अड्डों तक - जिससे बेहतर कनेक्टिविटी, आर्थिक विश्तार और नागरिकों के लिए जीवन को आसान बनाने और समृद्धि में वृद्धि हुई है।

श्री मोदी ने लिखा, "ये बुनियादी ढांचागत विकास के 11 वर्ष रहे हैं, जिसमें उत्कृष्ट बुनियादी ढांचे को खड़ा किया गया है जिसने भारत के विकास प्रक्षेपवक्र को बढ़ाया है। रेलवे से लेकर राजमार्गों, बंदरगाहों से लेकर हवाई अड्डों तक, भारत का तेजी से फैल रहा इंफ्रा नेटवर्क 'जीवन को आसान बनाने' और समृद्धि को बढ़ाने में मदद कर रहा है।"

उन्होंने लिखा, "अगली पीढ़ी के

## भारत ने 11 साल में पार किए कई मील के पत्थर : भाजपा

**एनसीआर टुडे. नई दिल्ली।** सरकार ने बुधवार को प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में सभी वर्गों के विभिन्न क्षेत्रों में पिछले 11 वर्षों में हासिल किए गए विकासात्मक मील के पत्थरों की एक श्रृंखला का प्रदर्शन किया। भाजपा की ओर से आयोजित एक कार्यक्रम में केंद्रीय सूचना प्रसारण मंत्री अश्विनी वैष्णव ने राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (राजग) सरकार की उपलब्धियों के बारे में मीडिया के सामने एक घंटे तक प्रश्तुति दी। इस बात पर जोर देते हुए कि 2014 में मोदी सरकार के सत्ता संभालने से पहले ऐसी प्रगति कभी नहीं देखी गई थी। इस कार्यक्रम में पार्टी कार्यकर्ताओं के अलावा भाजपा अध्यक्ष जे.पी नड्डा, केंद्रीय मंत्री अमित शाह, राजनाथ सिंह, निर्मला सीतारमण और नितिन गडकरी, भाजपा के राष्ट्रीय मीडिया प्रभारी अनिल बलूनी एवं राष्ट्रीय मीडिया सह प्रभारी संजय मयूख सहित विभिन्न प्रवक्ताओं ने भाग लिया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए श्री वैष्णव ने कहा कि पिछले 11 वर्षों में सरकार ने न केवल आर्थिक परिवर्तन की दिशा में काम किया है।

## कोडरमा-बरकाकाना, बल्लारी-चिकजाजुर रेलमार्गों के दोहरीकरण को कैबिनेट की मंजूरी

✷ एनसीआर टुडे. नई दिल्ली ✷

केन्द्रीय मंत्रिमंडल ने झारखंड में कोडरमा-बरकाकाना और कर्नाटक में बेल्लारी-चिकजाजुर की करीब 318 किलोमीटर की रेलवे लाइनों के दोहरीकरण को आज मंजूरी दे दी जिनकी कुल लागत 6,405 करोड़ रुपये आएगी।

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की अध्यक्षता में बुधवार को यहां हुई केन्द्रीय मंत्रिमंडल की आर्थिक मामलों की समिति की बैठक में इस आशय के निर्णय को मंजूरी दी गयी।

रेल, सूचना प्रसारण, इलैक्ट्रॉनिक्स एवं सूचना प्रौद्योगिकी मंत्री अश्विनी वैष्णव ने बैठक के बाद एक संवाददाता सम्मेलन में कहा कि ये रेल परियोजनाएं प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नए भारत के विजन के अनुरूप हैं, जो क्षेत्र में व्यापक विकास के माध्यम से लोगों को आत्मनिर्भर बनाएगी, जिससे उनके लिए रोजगार/स्वरोजगार के अवसर बढ़ेंगे।

उन्होंने कहा कि पहली परियोजना 133 किलोमीटर लंबी कोडरमा-बरकाकाना रेल लाइन के दोहरीकरण की है जो झारखंड के एक प्रमुख कोयला उत्पादक क्षेत्र से होकर गुजरती है। इसके अलावा, यह पटना और रांची के बीच सबसे छोटा और अधिक व्यावहारिक रेल संपर्क है।

उन्होंने कहा कि दूसरी परियोजना 185 किलोमीटर बेल्लारी-चिकजाजुर रेल लाइन के दोहरीकरण की है और यह लाइन कर्नाटक के बल्लारी और चित्रदुर्ग जिलों और आंध्र प्रदेश के अनंतपुर जिले से होकर गुजरती है। इस परियोजना से बेल्लारी एवं सिकदंराबाद के खनिज एवं अन्य



उत्पादों को मेंगलूर बंदरगाह तक की आसान पहुंच हासिल होगी। उन्होंने बताया कि चिकजाजुर और मेंगलूर से हसन एवं अर्सीकेरी के बीच दोहरीकरण का कार्य पहले से चल रहा है।

उन्होंने कहा कि ये परियोजनाएं झारखंड, कर्नाटक और आंध्र प्रदेश के सात जिलों को कवर करेंगी और दोनों दोहरीकरण परियोजना लगभग 1408 गांवों में कनेक्टिविटी बढ़ाएगी जिनकी आबादी लगभग 28.19 लाख है।

श्री वैष्णव ने कहा कि इन पहलों से यात्रा सुविधा में सुधार होगा, लॉजिस्टिक लागत में कमी आएगी, तेल आयात में कमी होगी और कार्बन डाइ आक्साइड उत्सर्जन में कमी आएगी। इससे टिकाऊ और कुशल रेल संचालन को बढ़ावा मिलेगा। उन्होंने कहा कि कोयला, लौह अयस्क, परिष्कृत इस्पात, सीमेंट, उर्वरक, कृषि वश्तुओं और पेट्रोलियम उत्पादों आदि जैसी वश्तुओं के परिवहन के लिए ये आवश्यक मार्ग हैं।

## स्याही से उकेरी गई मौन क्रांति है संविधान : CJI ने ऑक्सफोर्ड यूनियन में कहा

✷ वेबवार्ता. नई दिल्ली/लंदन ✷

भारत के प्रधान न्यायाधीश बीआर गवई ने संविधान को 'स्याही से उकेरी गई एक मौन क्रांति' और एक परिवर्तनकारी शक्ति बताया जो न केवल अधिकारों की गारंटी देती है, बल्कि ऐतिहासिक रूप से उत्पीड़ित लोगों का सक्रिय रूप से उत्थान करती है।

भारत के सर्वोच्च न्यायिक पद पर आसीन होने वाले दूसरे दलित और पहले बौद्ध न्यायमूर्ति गवई ने मंगलवार को लंदन (ब्रिटेन) स्थित ऑक्सफोर्ड यूनियन में 'प्रतिनिधित्व से लेकर कार्यान्वयन तकः संविधान के वादे को मूर्त रूप देना' विषय पर अपने संबोधन में हाशिए पर पड़े समुदायों पर संविधान के सकारात्मक प्रभाव पर प्रकाश डाला और इस बात को स्पष्ट करने के लिए अपना स्वयं का उदाहरण दिया। लंदन स्थित ऑक्सफोर्ड यूनियन एक संस्था है जहां लोग विभिन्न विषयों पर परिचर्चा करते हैं। प्रधान न्यायाधीश ने कहा, ''कई दशक पहले, भारत के लाखों नागरिकों को 'अछूत' कहा जाता था। उन्हें बताया जाता था कि वे अशुद्ध हैं। उन्हें बताया जाता था कि वे अपने लिए नहीं बोल सकते। लेकिन आज हम यहां हैं, जहां उन्हीं लोगों से संबंधित एक व्यक्ति देश की न्यायपालिका में सर्वोच्च पद धारक के रूप में खुलकर बोल रहा है।''

## भारत में मतदाता सूची तैयार करना दुनिया के सबसे कठिन और पारदर्शी कार्यों में से एक : सीईसी

✷ एनसीआर टुडे. नई दिल्ली ✷

मुख्य चुनाव आयुक्त (सीईसी) ज्ञानेश कुमार ने मतदाता सूचियों में गड़बड़ी के आरोपों के बीच कहा है कि भारत में मतदाता सूची तैयार करना दुनिया के सबसे कठिन और पारदर्शी कार्यों में से एक है।

कुमार ने मंगलवार को चुनावी शुचिता पर आयोजित स्टॉकहोम अंतरराष्ट्रीय सम्मेलन में यह भी कहा कि मतदाता सूची हर साल संशोधन के दौरान और चुनाव से पहले, कानून के अनुसार मान्यता प्राप्त राष्ट्रीय और राज्य श्तरीय दलों के साथ साझा की जाती है। सीईसी ने कहा कि 1960 से दावों, आपत्तियों और अपीलों के प्रावधान के साथ नामावली मान्यता प्राप्त राजनीतिक दलों के साथ साझा की जाती रही है। उनकी यह टिप्पणी कांग्रेस सहित कई विपक्षी दलों द्वारा चुनावों में धांधली के लिए मतदाता डेटा में हेराफेरी का आरोप लगाने के ठीक बाद आई है। चुनाव आयोग ने इन आरोपों को बेतुका करार दिया है।

कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कुमार ने कहा कि मतदाता सूची की तैयारी दुनिया की सबसे कठिन और पारदर्शी गतिविधियों में से एक है, जो चुनावी प्रक्रिया के सटीकता और इसकी शुचिता को मजबूत करती है।

निर्वाचन आयोग के अनुसार, सीईसी ने कहा कि इस मजबूत तंत्र ने



वर्षों से देश भर में चुनावी विश्वसनीयता बनाए रखने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है।

सम्मेलन में लगभग 50 देशों के चुनाव प्रबंधन निकायों का प्रतिनिधित्व करने वाले 100 से अधिक प्रतिभागी भाग ले रहे हैं। कुमार ने इस बात का उल्लेख किया कि पूरी चुनावी प्रक्रिया पर राजनीतिक दलों, उम्मीदवारों, पुलिस, व्यय पर्यवेक्षकों और मीडिया द्वारा बारीकी से नजर रखी जाती है।

सीईसी ने कहा कि चुनाव के संचालन के समय मतदान कर्मचारियों, पुलिस बलों, पर्यवेक्षकों और राजनीतिक दलों के एजेंटों सहित दो करोड़ से से अधिक कर्मियों के साथ, चुनाव आयोग दुनिया का सबसे बड़ा संगठन बन जाता है, जो कई राष्ट्रीय सरकारों और प्रमुख वैश्विक निगमों के संयुक्त कार्यबल को पीछे छोड़ देता है और यह सुनिश्चित करता है कि भारत के लगभग एक अरब मतदाता स्वतंत्र रूप से अपने मताधिकार का इश्तेमाल करने में सक्षम हों।

## सीबीआई ने साइबर अपराधी को गिरफ्तार किया, 2.8 करोड़ रुपये की क्रिप्टोकरेंसी बरामद

✷ एनसीआर टुडे. नई दिल्ली ✷

केन्द्रीय अन्वेषण ब्यूरो (सीबीआई) ने बुधवार को कहा कि सरकारी अधिकारी और तकनीकी सहायता करने वाले कर्मचारी के रूप में खुद को पेश करके अमेरिका और कनाडा में भोलेभाले लोगों को निशाना बनाने वाले साइबर अपराधियों के गिरोह के खिलाफ कार्रवाई के तहत उसने एक व्यक्ति को गिरफ्तार किया है।

सीबीआई के एक प्रवक्ता ने एक बयान में कहा कि मंगलवार को तीन स्थानों पर की गई तलाशी के दौरान आरोपी राहुल अरोड़ा को गिरफ्तार करके उसके कब्जे से 2.8 करोड़ रुपये की क्रिप्टोकरेंसी और 22 लाख रुपये की बेहिसाब नकदी जब्त की गई है। यह कार्रवाई साइबर अपराधियों के खिलाफ चल रहे सीबीआई के अभियान 'चक्र-पांच' का हिस्सा थी।

प्रवक्ता ने कहा कि सीबीआई ने इस मामले में मामला दर्ज किया था, क्योंकि उसे इस गिरोह के बारे में सूचना मिली थी। सीबीआई को मिली जानकारी के अनुसार, सरकारी अधिकारियों और प्रतिष्ठित तकनीकी सहायता कंपनियों के प्रतिनिधियों के रूप में खुद को पेश करके जालसाज अमेरिका और कनाडा के भोलेभाले व्यक्तियों को निशाना बना रहे थे। सीबीआई ने गिरोह के सदस्यों की गतिविधियों के बारे में खुफिया जानकारी एकत्र करके इस सूचना पर काम किया, जिसके बाद उनके कई परिसर की तलाशी ली गई।

## जम्मू-कश्मीर का विकास जारी रहने से राज्य की समृद्धि न चाहने वालों के इरादे विफल हो जाएंगे : उमर

✷ एनसीआर टुडे. अलीगढ़ ✷

जम्मू-कश्मीर के मुख्यमंत्री उमर अब्दुल्ला ने बुधवार को कहा कि राज्य में विकास कार्य जारी रहने से प्रदेश की समृद्धि न चाहने वालों के इरादे विफल हो जाएंगे। उन्होंने यहां एक निजी यात्रा के दौरान मीडियाकर्मियों से ये बातें कहीं।



अब्दुल्ला ने हाल ही में चेनाब नदी पर रेलवे पुल के उद्घाटन को 'ऐतिहासिक घटना' बताया। उन्होंने आशा व्यक्त की कि 'ऐसी विकासात्मक पहल जारी रहेंगी, जो जम्मू-कश्मीर में शांति व समृद्धि नहीं चाहने वालों के इरादों को विफल करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएंगी।'

मुख्यमंत्री ने उम्मीद जताई कि पर्यटन उद्योग हाल ही में हुए आतंकवादी हमले के कारण लगे झटके से जल्द ही उबर पाएगा।

इस साल अप्रैल में पहलगाम में हुए आतंकवादी हमले में 26 लोगों लोगों की मौत हो गई थी, जिनमें ज्यादातर पर्यटक थे। इस हमले के बाद भारत और पाकिस्तान के बीच तनाव बढ़ गया था। यह अब्दुल्ला की अलीगढ़ यात्रा व्यक्तिगत थी।

सूत्रों के अनुसार अब्दुल्ला के एक स्कूली दोश्त का मंगलवार को निधन हो गया था और वह उनके परिवार के प्रति संवेदना व्यक्त करने अलीगढ़ पहुंचे थे।

## ईडी की कार्रवाई पर कोई आपत्ति नहीं : सिद्दारमैया

**वेबवार्ता. बेंगलुरु।** कर्नाटक के मुख्यमंत्री सिद्दारमैया ने कांग्रेस सांसद ई तुकाराम और अन्य विधायकों के खिलाफ प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) की छापेमारी की कार्रवाई पर बुधवार को प्रतिक्रिया देते हुए कहा कि उनकी सरकार को कानूनी दायरे में की गई किसी भी कार्रवाई पर कोई आपत्ति नहीं है।

मुख्यमंत्री ने यहां संवाददाताओं से कहा "यह इस बारे में नहीं है कि हम क्या कर रहे हैं। यह मामला सरल है जैसे कि जब तक यह कानून के दायरे में हो, उन्हें जो करना है करने दें। अगर यह कानूनी रूप से किया जाता है, तो हमें कोई आपत्ति नहीं है। हम बस इतना कह रहे हैं कि इसमे कानूनी प्रक्रियाओं का पालन होना चाहिए। अगर कानून का किसी तरह से उल्लंघन हुआ है, तो हम इसका समर्थन नहीं करते हैं। हम किसी भी कानूनी क्रियान्वयन में बाधा या हश्तक्षेप नहीं करेंगे।" कर्नाटक में जाति पुनर्सर्वेक्षण के मुद्दे पर श्री सिद्दारमैया ने स्पष्ट किया कि पार्टी हाईकमान को प्रक्रिया से संबंधित शिकायतें मिली हैं।

## भारत और ब्रिटेन ने उत्तरी अरब सागर में किया नौसैन्य अभ्यास

✷ एनसीआर टुडे. नई दिल्ली ✷। भारतीय नौसेना की इकाइयों और ब्रिटेन की रॉयल नेवी के 'कैरियर स्ट्राइक ग्रुप' ने उत्तरी अरब सागर में 'पैसेज' अभ्यास (पासेक्स) में हिस्सा लिया जो समुद्री सुरक्षा और मजबूत द्विपक्षीय संबंधों के प्रति साझा प्रतिबद्धता को दर्शाता है। आधिकारिक प्रवक्ता ने बुधवार को यह जानकारी दी। भारतीय नौसेना के प्रवक्ता ने बताया कि यह अभ्यास नौ और 10 जून को आयोजित किया गया। उन्होंने कहा कि इस अभ्यास में भारतीय नौसेना के स्टेल्थ फ्रिगेट 'आईएनएस तबर', पनडुब्बी और पी8आई विमान ने भाग लिया। प्रवक्ता ने कहा, ''यह अभ्यास 'यूके कैरियर स्ट्राइक ग्रुप' के साथ आयोजित किया गया, जिसमें 'एचएमएस प्रिंस ऑफ वेल्स' और 'एचएमएस रिचमंड' पोत शामिल थे।'' बहुआयामी नौसैन्य अभ्यास में एकीकृत हेलीकॉप्टरों का नियंत्रण, सामरिक युद्ध कौशल, समन्वित पनडुब्बी विध्वंसक अभियान और अधिकारियों के बीच पेशेवर आदान-प्रदान शामिल था।

## आज की पीढ़ी अदालत के तौर-तरीके नहीं सीखना चाहती : SC

✷ एनसीआर टुडे. नई दिल्ली ✷। सुप्रीम कोर्ट ने बुधवार को टिप्पणी की कि आज की पीढ़ी अदालत के तौर-तरीके (कोर्ट क्राफ्ट) नहीं सीखना चाहती। जज एस वी एन भट्टी और जज पी बी वराले की पीठ ने यह टिप्पणी उस समय की, जब एक युवा वकील अदालत का आदेश पढ़े जाते समय बहुत सामान्य तरीके से वहां से जाने लगीं। जब मामला सुनवाई के लिए आया तो वकील ने अदालत से कहा कि कार्य स्थगन के लिए एक पत्र वितरित किया गया है। जब पीठ ने आदेश पढ़ना शुरू किया तो वह वहां से जाने लगीं। पीठ ने इस पर नाखुशी जताते हुए कहा, ''युवा पीढ़ी अदालत के तौर-तरीके नहीं सीखना चाहती। मामलों को पढ़ना केवल 30 प्रतिशत है, बाकी 70 फिसदी अदालत के तौर-तरीके हैं।''

## नेवार्क हवाईअड्डे पर भारतीय युवक से 'दुर्व्यवहार' के मामले को भारत ने अमेरिका के समक्ष उठाया

✷ एनसीआर टुडे. नई दिल्ली ✷। भारत ने नेवार्क हवाई अड्डे पर एक भारतीय व्यक्ति को हथकड़ी पहनाए जाने और उसके साथ कथित तौर पर अपराधी जैसा व्यवहार किए जाने की घटना को अमेरिका के समक्ष उठाया है। आधिकारिक सूत्रों ने बुधवार को यह जानकारी दी। उन्होंने बताया कि विदेश मंत्रालय ने नई दिल्ली स्थित अमेरिकी दूतावास के समक्ष इस मामले को उठाया है। सामने आए एक वीडियो में नेवार्क हवाई अड्डे पर अमेरिकी अधिकारियों द्वारा भारतीय युवक को हाथ पीछे बांधकर जमीन पर पेट के बल लेटाते हुए देखा जा सकता है।

## रेलवे का परीक्षण, प्रतीक्षा सूची वाले यात्रियों को टिकट की स्थिति के बारे में 24 घंटे पहले सूचना दी

✷ एनसीआर टुडे. नई दिल्ली ✷। रेल मंत्रालय ने बुधवार को कहा कि एक परीक्षण शुरू किया गया है, जिसके तहत प्रतीक्षा सूची में शामिल यात्रियों के टिकटों की स्थिति के बारे में ट्रेन के प्रस्थान से 24 घंटे पहले सूचना दी गई, जबकि फिलहाल यात्रियों को केवल चार घंटे पहले सूचित किया जाता है। मंत्रालय के अधिकारियों ने आश्वासन दिया कि यात्रियों से सकारात्मक प्रतिक्रिया मिलने के बाद ही प्रायोगिक परियोजना को नीति का हिस्सा बनाया जाएगा। रेलवे बोर्ड के सूचना एवं प्रचार विभाग के कार्यकारी निदेशक दिलीप कुमार ने कहा, 'हमने बीकानेर डिवीजन में यह प्रायोगिक परियोजना शुरू की, जिसके तहत ट्रेन के रवाना होने से 24 घंटे पहले चार्ट तैयार किए गए। फिलहाल यह काम चार घंटे पहले किया जाता है।'

## जोगीरमपुरी में रात भर रही बिजली गुल मचा हाहाकार

✷ एनसीआर टुडे. रायपुर सादात ✷

जोगीरमपुरी में हर साल भीषण गर्मी में बिजली की समस्या में आज तक कोई बदलाव न आने पर लोगों ने जताई नाराजगी। भीषण गर्मी के दौरान बिजली गुल हो जाने से लोगों की रात कांटो भरी गुजरी लोग सड़कों पर टहलते नजर आए। लाइट के इंतजार में रात गुजर गई पर लाइट के दर्शन नहीं हुए ट्रांसफॉर्म को 24 घंटे हो गए हैं पुके हुए अभी तक कोई निश्तारण नहीं हुआ ऐसा लगता है रात फिर कांटो पर गुजरेगी

आपको बता दे की जोगीरामपुरी में हर साल मोहल्ला कुरेशियान स्थित जो ट्रांसफॉर्म 100 k रखा हुआ है वह पुक जाता है परंतु कोई भी इस पर ध्यान नहीं दे रहे ग्राम वासियों ने भी रायपुर सादात जेई साहब को काफ़ी मर्तबा बता चुके हैं लेकिन कोई जू नहीं चल पा रही व जेई साहब ने 250k ट्रांसफॉर्म के कागज़ तैयार करके भेज दिए गए हैं लेकिन अभी तक कोई सुनवाई नहीं है एसडीओ साहब, एक्शन साहब, व SC साहब समस्या का समाधान कराया जाए।

जोगीरमपुरी में दिन निकलते ही भारी संख्या में लोगों ने नाराज़गी जताते हुए बताया कि हर वर्ष एक बात देखने को मिलती है जब ईद उल अज़हा का त्यौहार होता है तो सभी जनप्रतिनिधि विद्युत विभाग से मुलाकात कर सोशल मीडिया पर फोटो शेयर करते हैं जिसमें कहा जाता है कि त्योहार पर बिजली में कटौती नहीं होगी। किसी तरह की कोई परेशानी नहीं आएगी जबकि अक्सर भीषण गर्मी और त्योहार पर बिजली की समस्या से जूझना पड़ता है जिससे जनता परेशान हो जाती है रात परेशानी के साथ गुजरती है बच्चे रात भर गर्मी से बिलबिलाते हैं। लोगों ने बताया कि भीषण गर्मी के दौरान लाइट गुल के निजाम में आज तक बदलाव नहीं हुआ है।

## कॉलेज के मैदान में लगा प्रदर्शनी मेला विधायक ने किया उद्घाटन

✷ एनसीआर टुडे. हल्दौर ✷

नगर में मेला प्रदर्शनी का आयोजन हल्दौर मंगलवार को शाम करीब आठ बजे नगर के सीडी इण्टर कालेज के मैदान में हुआ। चल रहे इस मेला प्रदर्शनी का उद्घाटन क्षेत्रीय विधायक ओम कुमार जी ने किया।

मेला आयोजकों द्वारा बताया गया कि इस मेले में बच्चों के मनोरंजन के सभी शोमैन की टिकिट दर बहुत कम रखी गई है जिससे सभी वर्ग के अपने बच्चों को मेला दिखा सकेंगे। बताया कि यह मेला सालाना लगाया जाएगा। मेले भाई चारे और प्रेम को बढ़ावा देते हैं आयोजकों ने बताया कि मेले में कोई गुण्डा गर्दी नहीं चलेगी। पुलिस व्यवस्था माकूल रहेगी यह मेला 25 जून तक चलेगा।

## बंद मकान में शॉर्ट सर्किट से लगी आग, 20 हजार की नगदी सहित 50 हजार का सामान जला

✷ एनसीआर टुडे. नहटौर ✷

मोहल्ला मीरा की सराय में बंद घर में शॉर्ट सर्किट से आग लगने पर 20 हजार की नगदी व 50 हजार का सामान जल गया। परिवार के लोग घर बंद करके रिश्तेदारी में गया हुआ था।

जानकारी के अनुसार नहटौर के मोहल्ला मीरा की सराय निवासी मोहम्मद शाहरुख मंगलवार को अपने परिवार के साथ घर का ताला लगाकर रिश्तेदारी में गया था। बताया जाता है कि मंगलवार/बुधवार की रात को घर में आग लग गई।आग शॉर्ट सर्किट से लगना बताया जा रहा है।आग लगने से घर में रखी 20 हजार रूपए की नगदी व संदूक,कपड़े आदि करीब 50 हजार रुपए का सामान जलकर राख हो गया।पड़ोसियों ने घर में धुआं उठता हुआ देख उसकी सूचना दी।जिसके बाद मौहम्मद शाहरूख घर पहुंचा।घर की हालत देखकर पीड़ित परिवार में कोहराम मच गया।

## वैज्ञानिकों की टीम 9 ग्राम पंचायत का आज करेगी सघन दौरा

✷ एनसीआर टुडे. नहटौर ✷

भारत सरकार व प्रदेश सरकार द्वारा विभिन्न प्रकार की योजनाओं के बारे में कृषि वैज्ञानिकों द्वारा दी जाने वाली जानकारी के लिए वैज्ञानिकों की टीम विकास खंड 9 ग्राम पंचायतों का गुरुवार को दौरा करेगी।

किसखंड के एडीओ कृषि अनमोल तोमर ने बताया कि गुरुवार को विकसित कृषि संकल्प अभियान के अंतर्गत 9 ग्राम पंचायतों में भारतीय अनुसंधान संस्थान दिल्ली, कृषि विज्ञान केंद्र नगीना एवं उप कृषि निदेशक बिजनौर, गन्ना विभाग एवं कृषि विभाग के अधिकारी गण ग्राम खिजरपुर, हरगनपुर व हकीमपुर नारायण में प्रातः 8:00 बजे, रायपुर लकड़ा, मटौरा दुर्गा एवं पाली जट में पूर्वाहन 11:00 बजे एवं अल्हैदादपुर मुबारक उर्फ नवादा चौहान, खेतापुर व पपसरा में अपराह्न 3 बजे से किसानों को संबोधित करेंगे। इस अभियान के अंतर्गत किसानों को खेती की नवीनतम तकनीकों के बारे में बताया जाएगा और भारत सरकार एवं प्रदेश सरकार की विभिन्न प्रकार की योजनाओं के बारे में भी विश्तार पूर्वक जानकारी दी जाएगी सभी कृषकों से आग्रह है। अपनी सुविधा अनुसार अपने निकटतम गांव में अभियान में सम्मिलित होकर कृषि वैज्ञानिकों के विचार सुने एवं अपनी कोई खेती से संबंधित समस्या हो उसका भी समाधान पाएं।

# मुआवजा कम मिला तो हाईवे पर खड़ी की दीवार

### हरियाणा के किसान की हरकत से प्रशासन परेशान

**चंडीगढ़, एजेंसी।** हरियाणा के एक स्टेट हाईवे पर किसान ने दीवार खड़ी करनी शुरू कर दी। इसके चलते ट्रैफिक को डायवर्ट करना पड़ा और लोग खेतों से होते हुए निकलने को मजबूर हो गए। यह मामला कुरुक्षेत्र से पहोवा को जोड़न वाले स्टेट हाईवे का है। यहां किसान बलविंदर सिंह और उनके परिवार ने स्टेट हाईवे पर ही दीवार की चिनाई शुरू करा दी। यात्री निकले तो देखा कि स्टेट हाईवे बंद है और वहां मजदूर दीवार बनाने में लगे हुए हैं। इन लोगों ने यात्रियों से कहा कि यह जमीन उनकी है और यदि उन्हें आगे का रास्ता तय करना है तो फिर खेतों से होकर जाएं। बड़ी संख्या में बाइक और अन्य वाहन खेतों से होकर गुजरने भी लगे। फिर भी वहां बड़े वाहन खड़े रहे और जाम लगता चला गया।

जानकारी मिलने पर प्रशासनिक अधिकारी भी मौके पर पहुंचे। इन अधिकारियों ने बलविंदर और परिवार को समझाने का प्रयास किया कि वे रास्ता बंद न करें। इस पर बलविंदर ने कहा कि यह हमारी जमीन है और सरकार मुआवजा दे। ऐसा नहीं होगा तो फिर हम अपनी जमीन पर कब्जा लेंगे। अब पुलिस ने पहोवा थाने में बलविंदर सिंह के 5 लोगों और कुछ अज्ञात के खिलाफ केस दर्ज किया है। यह केस लोक निर्माण विभाग के एसडीओ की तहरीर पर दर्ज हुआ है। शिकायत में कहा गया है कि जिला प्रशासन को बिना कोई सूचना दिए ही रास्ता बंद किया गया। इससे लोगों को परेशानी हुई। इसके अलावा कई बार गुजारिश के बाद भी रास्ता नहीं खोला गया।



एसएचओ जनपाल सिंह ने भी केस दर्ज करने की पुष्टि की है, लेकिन अब तक किसी की गिरफ्तारी नहीं हुई है। दरअसल यह पूरा मामला जमीन के मुआवजे से जुड़ा है। एडवोकेट मिथुन अत्री का कहना है कि बलविंदर सिंह और उनके परिवार की 22 मरला जमीन है। बलविंदर सिंह ने 2010 में अपनी जमीन की पैमाइश कराई थी और पता चला कि हाईवे उनकी जमीन से गुजरता है। इस पैमाइश के आधार पर पहोवा कोर्ट में बलविंदर सिंह ने केस दर्ज किया। अदालत ने 2013 में बलविंदर की सुनवाई करते हुए आदेश दिया कि सरकार या तो मुआवजा दे या फिर जमीन वापस करे। इस आदेश पर सरकार ने कोई फैसला अब तक नहीं लिया है। इसके बाद फिर किसान ने फैसले को लागू करने की मांग करते हुए 2018 में अर्जी दाखिल की। याचिका पर सुनवाई करते हुए अदालत ने पीड़ित पक्ष को जमीन लेने का आदेश दिया। इसी बीच सरकार ने मुआवजा भी जारी किया, लेकिन किसान के अनुसार वह काफी कम था। फिर सरकार ने उच्च न्यायालय का रुख किया। यहां सरकार की अर्जी खारिज हो गई और फिर किसान ने जमीन ही कब्जा करने का फैसला कर लिया और स्टेट हाईवे पर दीवान खड़ी करनी शुरू कर दी। इस मामले में बलविंदर सिंह को 5.50 लाख का ही मुआवजा मिला है, जबकि परिवार का कहना है कि यह रकम काफी कम है।

## जासूसी केस : जमानत के लिए गुहार लगा रही ज्योति मल्होत्रा, दायर की याचिका

**हिसार, एजेंसी।**
पाकिस्तान के लिए जासूसी करने के आरोप में गिरफ्तार की गई हरियाणा की यूट्यूबर ज्योति मल्होत्रा ने आज जमानत के लिए हिसार अदालत में याचिका दायर की। ज्योति मल्होत्रा ने अपने वकील कुमार मुकेश के जरिये न्यायिक मजिस्ट्रेट (प्रथम श्रेणी) सुनील कुमार के समक्ष नियमित जमानत याचिका दायर की। वकील कुमार मुकेश ने बताया कि अदालत ने पुलिस से 11 जून तक जवाब मांगा है। 14 जून से अदालत में गर्मी की छुट्टियां हो जाएंगी। ऐसे में अदालत में पहले ही अपनी याचिका दायर की गई है। सोमवार को अदालत ने मल्होत्रा की न्यायिक हिरासत बढ़ा दी थी और मामले की सुनवाई 23 जून के लिए तय की थी।

**हरियाणा पुलिस करेगी जसबीर सिंह से पूछताछ:** पंजाब स्टेट स्पेशल ऑपरेशन सेल ने सोमवार को पंजाब के जासूस जसबीर सिंह को दो दिन का रिमांड खत्म होने के बाद मोहाली कोर्ट में पेश किया था। मोहाली अदालत ने जसबीर सिंह को 23 जून तक न्यायिक हिरासत में भेज दिया है। ज्योति मल्होत्रा की गिरफ्तारी के बाद वह रडार पर आया था। हरियाणा पुलिस उससे पूछताछ करने की तैयारी में पहले से ही थी। उसे 6 जून को तलब भी किया गया था, लेकिन उससे पहले ही पंजाब पुलिस ने उसे गिरफ्तार कर लिया था। अब हरियाणा पुलिस उसे रिमांड पर लेगी।



**दोनों यूट्यूबर हिरासत में:** ज्योति मल्होत्रा और जसबीर सिंह के इस कनेक्शन की चर्चाएं हो रही हैं क्योंकि दोनों यूट्यूबर हैं और दोनों साथ में कई बार पाकिस्तान जा चुके हैं। अब दोनों एक ही तरह के आरोपों के तहत गिरफ्तार भी हुए हैं। इतना ही नहीं, ज्योति मल्होत्रा की तरह जसबीर सिंह के भी पाक उच्चायुक्त के निष्कासित अधिकारी दानिश से गहरे संबंध थे। उसने भी ज्योति की तरह ही दिल्ली स्थित पाकिस्तान हाई कमीशन में काम करने वाले दानिश के निमंत्रण पर पाकिस्तान नेशनल डे के कार्यक्रम में शिरकत की थी। जसबीर सिंह भी तीन बार पाकिस्तान जा चुका है। उसके इलेक्ट्रॉनिक डिवाइसेज से पाकिस्तान के कई नंबर मिले हैं, जिससे साफ होता है कि जसबीर सिंह भी पाकिस्तानी जासूसी नेटवर्क का हिस्सा है।

## हिमाचल में गर्मी का तांडव: 3 दिन लू का अलर्ट; 13 जून से बारिश व तूफान के आसार

**शिमला, एजेंसी।**
हिमाचल प्रदेश में इन दिनों गर्मी ने विकराल रूप धारण कर लिया है। मैदानी जिलों से लेकर हिल स्टेशनों तक लोग भीषण गर्मी से बेहाल हैं। मौसम विभाग ने राज्य के चार मैदानी जिलों ऊना, हमीरपुर, बिलासपुर और कांगड़ा में आगामी तीन दिनों तक लू चलने की चेतावनी जारी की है। इसके अलावा 13 जून से 16 जून तक राज्य के विभिन्न भागों में आंधी-तूफान और बारिश की संभावना जताई गई है। मौसम विभाग के ताजा बुलेटिन के अनुसार, आज यानी 10 से 12 जून तक प्रदेश शुष्क रहेगा और इस दौरान मैदानी जिलों में हीटवेव का असर सबसे ज्यादा रहेगा। सुबह 9 बजे के बाद से ही तेज धूप लोगों को घरों में कैद रहने को मजबूर कर रही है। सोमवार को ऊना और हमीरपुर में पारा 43 डिग्री के करीब पहुंच गया था, जबकि बिलासपुर और कांगड़ा में भी तापमान 40 डिग्री से ऊपर दर्ज किया गया था। गर्मी का यह कहर सिर्फ मैदानी इलाकों तक



सीमित नहीं है। शिमला, मनाली, डलहौजी और कुफरी जैसे प्रसिद्ध हिल स्टेशनों में भी तापमान सामान्य से 3 से 4 डिग्री अधिक चल रहा है। धूप इतनी तीव्र है कि सैलानियों को भी दिन में बाहर निकलने से परहेज करना पड़ रहा है। केवल सुबह और शाम के वक्त ही इन क्षेत्रों में मौसम कुछ हद तक सुहावना रहता है। जनजातीय जिला लाहौल स्पीति, जो वर्षभर अपनी ठंडी जलवायु के लिए जाना जाता है, वहां भी मौसम का मिजाज इन दिनों बदला-बदला सा नजर आ रहा है। लाहौल घाटी में दिन का तापमान सामान्य से तीन से चार डिग्री अधिक दर्ज किया जा रहा है। बर्फ के तेजी से पिघलने के चलते चंद्रा, भागा और अन्य नदी-नालों का जलस्तर बढ़ गया है, जिससे बहाव तेज हो गया है। स्थानीय ग्रामीणों के अनुसार लाहौल घाटी में अप्रैल के बाद मई-जून में आमतौर पर मौसम सुहावना रहता था। लेकिन इस बार लगातार गर्म हवा और तेज धूप महसूस की जा रही है। इससे न केवल बर्फबारी जल्दी पिघल रही है बल्कि खेतों और जल स्रोतों पर भी इसका असर दिख रहा है। मौसम विभाग की चेतावनी के अनुसार 13 जून से प्रदेश के कई क्षेत्रों में मौसम करवट लेगा।

## यूपी में दाऊद खां स्टेशन का नाम बदलने की उठी मांग, सांसद बोले- आतंकी के नाम जैसा

**अलीगढ़, एजेंसी।**
अलीगढ़ परिक्षेत्र में मौजूद दाऊद खां रेलवे स्टेशन का नाम बदलने को लेकर अलीगढ़ सांसद ने रेल मंत्री को पत्र लिखा है। मीडिया को दिए बयान में बताया दाऊद खां किसी आतंकी नाम जैसा है। जिसने हजारों बहनों का सिंदूर उजाड़ा है। इस स्टेशन का नाम बदलकर महाराणा प्रताप सिंह के नाम पर रखा जाए।

अलीगढ़ सांसद सतीश गौतम अपने बयानों को लेकर हमेशा से चर्चा में रहे हैं। इस बार उन्होंने दाऊद खां नाम के स्टेशन का नाम बदलने को लेकर बयान दिया है। उन्होंने बताया कि हमारे अलीगढ़ में एक स्टेशन है दाऊद खां। इस नाम का कोई इतिहास अलीगढ़ में नहीं है। न ही इस नाम से कोई गांव मौजूद हैं।




दाऊद एक आतंकी का नाम है। जिसने हजारों बहानों का सिंदूर उजाड़ा है। अलीगढ़ के तीन बार के सासंद ने कहा है कि दाऊद इब्राहिम माफियाओं का सरगना, ड्रग सरगना, और एक वांछित आतंकवादी है। अलीगढ़ सांसद ने कहा कि ऐसा नाम नहीं हो सकता इसकी जगह शहीदों और वीरों के नाम स्टेशन का नाम रखा जाएगा। उन्होंने महाराणा प्रताप सिंह के नाम दाऊद खां स्टेशन का नाम रखने को रेल मंत्री को पत्र लिखा है। बताया कि इस मामले में मोदी सरकार और रेल मंत्री बेहद ही पॉजिटिव हैं। जल्द ही इस स्टेशन का नाम बदलेगा।

अलीगढ़ सांसद हमेशा ही अपने बयानों को लेकर चर्चा में रहते हैं। वह शुरू से ही एएमयू में जिन्ना की तस्वीर हटाने की मांग करते आ रहे हैं। उनका यह बयान आज भी खूब वायरल हो रहा है। वहीं होली के दौरान एएमयू में होली न खेलने को लेकर भी बयान चर्चा का विषय बना था। जिसमें उन्होंने कहा था कि जो रोकेगा उसे ऊपर पहुंचा दिया जाएगा।

## बीजेपी के महानगर अध्यक्ष को पूजा करने के दौरान आया हार्ट अटैक, अस्पताल में निधन



**गोरखपुर, एजेंसी।** यूपी में आए दिन हार्ट अटैक से मौतों के मामले आ रहे हैं। अब गोरखपुर से ऐसा ही एक मामला सामने आ रहा है। वहां भाजपा के महानगर अध्यक्ष देवेश श्रीवास्तव का हार्ट अटैक की वजह से निधन हो गया है। मिली जानकारी के अनुसार बुधवार सुबह देवेश श्रीवास्तव घर में पूजा कर रहे थे। इसी दौरान अचानक उनकी तबीयत बिगड़ गई। परिवार के लोग आनन-फानन में उन्हें लेकर एक निजी अस्पताल में गए जहां स्थिति गंभीर होने पर डॉक्टरों ने हॉयर सेंटर के लिए रेफर कर दिया। इसके बाद देवेश श्रीवास्तव को जिला अस्पताल ले जाया गया जहां डॉक्टरों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। यूं आकस्मिक निधन से उनके मित्रों, शुभचिंतकों और रिश्तदारों में हर कोई सन्न रह गया है। सोशल मीडिया पर देवेश श्रीवास्तव के निधन की सूचना वायरल हो रही है। जो कोई इस बारे में सुनकर या पढ़कर जान रहा है वो हैरान रह जा रहा है। मिली जानकारी के अनुसार देवेश श्रीवास्तव अपने पीछे पत्नी और एक बेटी छोड़ गए हैं। गोरखपुर के संत रविदास मंदिर के बगल में उनका घर है। भाजपा के पूर्व महानगर अध्यक्ष राहुल श्रीवास्तव ने देवेश श्रीवास्तव के निधन पर गहरा दुख जताते हुए कहा कि उन्हें भरोसा ही नहीं हो रहा है कि कल तक हंसते-बोलते देवेश हम सबको छोड़कर दुनिया से चले गए हैं। दो दिन पहले ही अचानक आए हार्ट अटैक से लखनऊ की सरोजनीनगर तहसील में युवा अधिवक्ता पवन सिंह (उम्र 25 वर्ष) की मौत हो गई थी। पवन सिंह एकाएक गश खाकर गिर पड़े थे। साथी उन्हें लेकर आनन-फानन में पीजीआई पहुंचे, जहां डॉक्टरों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। पवन सिंह बंथरा के रहने वाले थे। डॉक्टरों ने हार्ट अटैक की आशंका जताई है। शाम को घटना का वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो गया। हिन्दुस्तान वायरल वीडियो की पुष्टि नहीं करता। सूचना पर अधिवक्ता पवन के भाई मोनू और अन्य परिवारीजन भी पहुंच गए। बार एसोसिएशन के महामंत्री राजेन्द्र यादव और अन्य अधिवक्ताओं के शोक संवेदना व्यक्त कर परिवारीजनों को ढांढस बंधाया।

## बिहार अभियंत्रण सेवा संघ ने भागलपुर के डीएम को कानूनी नोटिस भेजा

**पटना, एजेंसी।**
बिहार अभियंत्रण सेवा संघ (बेसा) ने भागलपुर के डीएम को कानूनी नोटिस भेजा है। संघ के महासचिव राकेश कुमार ने कहा कि भागलपुर के कार्यपालक अभियंता बृजनन्दन कुमार के साथ डीएम ने अमर्यादित व्यवहार किया। अकारण गिरफ्तार कराकर उन्हें 4-5 घंटे तक स्थानीय थाने में रखा गया। कार्यपालक अभियंता ने संघ को लिखित तौर पर बताया है कि कर्तव्य निर्वहन के दौरान भागलपुर के जिलाधिकारी ने अभद्र व्यवहार किया और भयाक्रांत करने की कोशिश भी की। स्थिति ऐसी हो गई कि उनको उपचार कराना पड़ा। अभियंता को आशंका है कि काम पर लौटने पर डीएम सुनियोजित तरीके से उन्हें प्रताड़ित करेंगे। भागलपुर में जिस तरह एक अभियंता के साथ डीएम ने व्यवहार किया, उससे राज्यभर के अभियंताओं का मनोबल प्रभावित होगा, जिसका सीधा असर राज्य के विकासात्मक कार्यों पर होगा। यह कोई पहली घटना नहीं है। आए दिन जिलों में अभियंताओं के साथ प्रशासन द्वारा दुर्व्यवहार की शिकायतें संघ को मिलते रहती हैं। इसलिए संघ ने डीएम को कानूनी नोटिस दिया है। सरकार से हमारी मांग है कि इस मामले में अविलंब सरकार हस्तक्षेप करे, ताकि अभियंता पूरे मनोयोग से राज्य के विकास में अपना योगदान दे सकें।

## हम संत नहीं, नेता हैं; अजित पवार ने एनडीएमें शामिल होने के फैसले को सही ठहराया

**पुणे , एजेंसी।**
राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी (एनसीपी) के स्थापना दिवस के मौके पर मंगलवार को उपमुख्यमंत्री और एनसीपी प्रमुख अजित पवार ने पार्टी के भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के नतृत्व वाले नीत राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (एनडीए) में शामिल होने के फैसले को सही ठहराया। उन्होंने कहा कि केवल विपक्ष में बैठकर नारे लगाना राजनीति नहीं है। उन्होंने यह भी कहा कि वह संत नहीं हैं कि सदा विपक्ष में बैठकर सरकार का विरोध करते रहें।

पुणे के बालेवाड़ी स्थित श्री शिव छत्रपति स्पोर्ट्स कॉम्प्लेक्स में आयोजित रैली को संबोधित करते हुए अजित पवार ने कार्यकर्ताओं से आगामी नगर निकाय चुनावों की तैयारी शुरू करने का आह्वान किया। उन्होंने कहा, कुछ लोग हमारे एनडीए में जाने के फैसले पर सवाल उठा रहे हैं कि एनसीपी की विचारधारा धर्मनिरपेक्ष है। लेकिन 2019 में जब पार्टी ने शिवसेना के साथ मिलकर सरकार बनाई तब भी तो विचारधारा से समझौता हुआ था। फिर अब हमें ही क्यों दोष दिया जा रहा है? उन्होंने आगे कहा, हम संत नहीं हैं, बल्कि जनप्रतिनिधि हैं। जनता की समस्याओं का समाधान करना हमारी जिम्मेदारी है और उसके लिए सरकार में रहना जरूरी है।

अजित पवार ने स्पष्ट किया कि उन्होंने अपनी विचारधारा नहीं बदली है। जूनियर पवार ने कहा, हमारी पार्टी की नींव शाहू महाराज, ज्योतिबा फुले और बाबा साहेब आंबेडकर की विचारधारा पर टिकी है। एनडीए में शामिल होने का उद्देश्य विकास कार्यों को गति देना है। उन्होंने यह भी कहा कि आंध्र प्रदेश के मुख्यमंत्री चंद्रबाबू नायडू और बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार भी एनडीए में शामिल हैं, जबकि उनकी विचारधारा भी धर्मनिरपेक्ष ही मानी जाती है।

पार्टी के शरद पवार खेमे (एनसीपी-एसपी) से विलय



की अटकलों पर विराम लगाते हुए अजित पवार ने कहा, कुछ कार्यकर्ताओं की व्यक्तिगत राय हो सकती है, लेकिन ऐसा कोई फैसला पार्टी नेतृत्व के स्तर पर नहीं हुआ है। आपको बता दें कि पिछले सप्ताह एनसीपी के राज्य अध्यक्ष सुनील तटकरे ने भी पार्टी के कोर ग्रुप में इस मुद्दे पर किसी चर्चा से इनकार किया था। अजित पवार ने पार्टी के कुछ नेताओं के खिलाफ आपराधिक मामलों को लेकर भी सख्त रुख दिखाया। उन्होंने कहा, हम सरकार में हैं, इसलिए हमें और ज्यादा अनुशासित रहना होगा। अगर कोई कार्यकर्ता आपराधिक या असामाजिक गतिविधियों में लिप्त पाया गया, तो उसे बख्शा नहीं जाएगा। गौरतलब है कि यह एनसीपी का 26वां स्थापना दिवस था, लेकिन 2023 में पार्टी के विभाजन के बाद से शरद पवार और अजित पवार गुटों ने इसे अलग-अलग मनाना शुरू कर दिया है।

## गुरुग्राम में रेहड़ी वालों को कानूनी एक्शन की चेतावनी; 40 पर चला बुलडोजर

**गुरुग्राम, एजेंसी।** गुरुग्राम में एमजी रोड पर यातायात जाम का कारण बनीं 40 रेहड़ियों को मंगलवार को बुलडोजर से तोड़ दिया गया। जीएमडीए, नगर निगम और यातायात पुलिस ने संयुक्त रूप से कार्रवाई की। रेहड़ी वालों को चेतावनी दी कि दोबारा रेहड़ी लगाई तो उनके खिलाफ कानूनी कार्रवाई की जाएगी।

करीब पांच किलोमीटर लंबे इस रोड पर मेट्रो स्टेशन के आसपास रेहड़ियां लगे होने के कारण जाम लगता है। आसपास विकसित रिहायशी सोसाइटियों के लोगों को इससे खासी परेशानी होती है। इसको लेकर जीएमडीए और नगर निगम के पास लंबे समय से शिकायत पहुंच रही थी। जीएमडीए के डीटीपी आरएस बाठ के नेतृत्व में मंगलवार को तोड़फोड़ अभियान शुरू किया गया। तोड़फोड़ दस्ते में जीएमडीए और नगर निगम के करीब 30 अधिकारी और कर्मचारी शामिल थे। मौके पर यातायात पुलिस बल मौजूद रहा। पहली टीम ने एमजी मेट्रो स्टेशन पर हैरिटेज सिटी के समीप से तोड़फोड़ शुरू की, जबकि दूसरी टीम ने इफ्को चौक पर बेवर्ली पार्क से बुलडोजर चलाना शुरू किया। जीएमडीए के डीटीपी आरएस बाठ ने बताया कि एमजी रोड पर इन रेहड़ियों की वजह से यातायात जाम लगता है। पिछले साल भी इस रोड पर तोड़फोड़ की गई थी। दोबारा रेहड़ियां लग गईं। इन्हें जेसीबी से तोड़ा गया है।

## विवाद: पड़ोसियों की शिकायत करने थाने जा रहे व्यक्ति के साथ मारपीट

✷ एनसीआर टुडे. गाजियाबाद ✷। लोनी के ट्रोनिका सिटी थाना क्षेत्र की पुनीत एनक्लेव कालोनी में सोमवार को पड़ोस में रहने वाले लोगों के बीच विवाद हो गया। आरोप है कि विवाद के बाद शिकायत करने थाने जा रहे व्यक्ति के साथ पड़ोस में रहने वाले पिता व उसके तीन पुत्रों ने लाठी डंडों से मारपीट की। पीड़ति की पत्नी की शिकायत पर पुलिस ने चार के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज की है। पुनीत एनक्लेव कालोनी में गजाला परवीन रहती हैं उन्होंने बताया कि सोमवार को किसी बात को लेकर पड़ोस में रहने वाले परिवार के साथ विवाद हो गया था। दोपहर बाद पति शहनवाज आलम पड़ोसियों की शिकायत करन के लिए घर से थाने जा रहे थे। आरोप है कि राश्ते में सलीम व उसके तीन बेटों नसीम वसीम और शारिक ने उन्हें पकड़ लिया। चारों ने मिलकर पति की लाठी डंडों से पिटाई की। शोर मचाने पर लोगों को एकत्र होता देख चारों पति को जान से मारने की धमकी देकर फरार हो गये। पिटाई से पति को चोट आई है। उन्होंने आरोपियों के खिलाफ पुलिस को शिकायत दी। एसीपी लोनी सिद्धार्थ गौतम का कहना है कि पीड़ति की पत्नी की शिकायत पर पिता व तीन पुत्रों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज की गई है।

## पत्नी ने परिजनों के साथ पति को बेरहमी से पीटा

✷ एनसीआर टुडे. गाजियाबाद ✷। मोदीनगर के बेगमाबाद गांव में पत्नी ने परिजनों के साथ मिलकर पति की बेरहमी से पिटाई कर दी। भारी वश्तु से वार कर सिर फोड़ा दिया। पुलिस ने पत्नी सहित चार के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज की है। बेगमाबाद निवासी सुनील कुमार ने बताया कि उसकी शादी चार साल पहले बुलंदशहर के गुलावठी निवासी नेहा के साथ हुई थी। उनका आरोप है कि शादी के बाद से नेहा अधिकांश समय मायके में ही बिताती है। जब वह गांव बेगमाबाद आती है तो उसका व्यवहार गलत रहता है। पीड़ित ने बताया कि चार जून को नेहा अपने परिजनों के साथ बेगमाबाद गांव आई। आरोप है कि पत्नी ने अपने परिवार के साथ मिलकर सुनील और उनके परिवार के अन्य सदस्यों की पिटाई कर दी। इतना ही नहीं, भारी वश्तु से वार कर सुनील का सिर फोड़ दिया। सुनील को गंभीर हालत में निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया। एसीपी ने बताया कि तहरीर के आधार पर मंगलवार को पत्नी नेहा, सास अनीता, साली लक्ष्मी और साला सागर निवासी गुलावठी बुलंदशहर के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर ली है। जांच के बाद ही आगे की कार्रवाई की जाएगी।

## दरोगा पर अभद्रता का आरोप लगाकर धरना दिया

✷ एनसीआर टुडे. गाजियाबाद ✷। मोदीनगर के दरोगा पर अभद्रता का आरोप लगाकर भाकियू भानू के कार्यकर्ताओं ने बुधवार को सौंदा पुलिस चौकी पर धरना दिया। भाकियू भानू के युवा विंग के जिलाप्रभारी इरफान ने बताया कि कुछ दिन पहले मोबाइल चोरी की शिकायत लेकर सौंदा चौकी पर गए थे। आरोप है कि वहां एक दरोगा ने अभद्रता की। कार्यकर्ताओं की मांग है कि चौकी प्रभारी और अभद्रता करने वाले दरोगा को लाइन हाजिर किया जाए। पदाधिकारियों ने कार्रवाई होने तक धरना जारी रखने का ऐलान किया। मौके पर विनीत त्यागी, आकाश, गौरव, दुष्यंत, दीपक, सोनू, बबलू आदि मौजूद रहे।

## भुइयार समाज ने निकाली शोभायात्रा, झांकियां बनीं आकर्षण का केंद्र

✷ एनसीआर टुडे. बिजनौर ✷। नगर में भुइयार समाज उत्थान समिति ने संत कबीर साहब के प्रकट उत्सव पर शोभायात्रा का आयोजन किया। बुधवार को प्रदर्शनी मैदान से शुरू हुई ।यात्रा कलेक्ट्रेट, विकास भवन, डाकघर सिविल लाइंस होते हुए राजमिलन बैंकट हॉल तक पहुंची। शोभायात्रा में बड़ी संख्या में लोग बाइक और ट्रैक्टर-ट्राली पर सवार होकर शामिल हुए। कई लोगों ने पैदल भी भाग लिया। संत कबीर साहब से संबंधित झांकियां यात्रा का मुख्य आकर्षण रहीं। बैंड वादक संत कबीर की वाणी बजाते चले। मार्ग में कई स्थानों पर पुष्प वर्षा से यात्रा का स्वागत किया गया। विभिन्न संस्थाओं ने शिविर लगाकर यात्रियों को शर्बत वितरित किया।

## नहटौर नगर पालिका ने चलाया अतिक्रमण हटाओ अभियान

✷ एनसीआर टुडे. नहटौर ✷। नगर पालिका प्रशासन ने एजेंसी चौराहे से लेकर पीर की चुंगी तक अतिक्रमण हटाओ अभियान शुरू किया। इस दौरान उन्होंने अतिक्रमण धारकों को चेतावनी दी तथा कुछ लोगों का सामान भी जप्त किया। अतिक्रमण हटाओ अभियान की कमान स्वयं अधिशासी अधिकारी ओम गिरी ने संभाली। नगर पालिका की टीम द्वारा धामपुर रोड पर एजेंसी चौराहे से मौहल्ला जोशियान होते हुए पीर की चुंगी तक अतिक्रमण हटाओ अभियान चलाया। इस दौरान उन्होंने नाले के ऊपर स्थाई और अस्थाई कब्जा धारकों को कड़ी चेतावनी दी। कब्जाधारक द्वारा स्वयं अतिक्रमण न हटाए जाने पर जुर्माना लगाने के साथ अतिक्रमण हटाने की कड़ी चेतावनी दी। अभियान के अंतर्गत वीडियोग्राफी भी कराई गई। उन्होंने बताया कि जब तक नगर अतिक्रमण से मुक्त नहीं होगा तब तक यह अभियान जारी रहेगा। टीम में मुख्य लिपिक विशेष कुमार, गौरव त्यागी, सलीम अहमद, सलीम, विजेंद्र सिंह, कपिल कुमार, राजेश, अतुल कुमार आदि पालिका कर्मी उपस्थित रहे।

## युवाओं व बच्चो ने राहगीरो को शर्बत का वितरण किया

✷ एनसीआर टुडे. नगीना ✷। इस चिलचिलाती गर्मी के मौके पर नगीना से कालाखेड़ी रोड पर स्थित शिव धाम मंदिर के सामने युवाओं व बच्चो ने शिविर लगाकर राहगीरों को शरबत वितरण किया। भीषण गर्मी में ठंडा शरबत पीकर लोगों ने राहत महसूस की। इस कार्यक्रम में कई युवाओं ने सक्रिय रूप से भाग लिया। इस कार्य की स्थानीय लोगों ने सराहना की। कार्यक्रम में बच्चों और बुजुर्गों ने विशेष रूप से प्रसन्नता व्यक्त की। स्थानीय निवासियों का कहना था कि ऐसे सामाजिक कार्यक्रम नियमित रूप से होने चाहिए। इससे समाज में एकता और सहयोग की भावना मजबूत होती है। आयोजकों ने स्वच्छता का विशेष ध्यान रखा। उन्होंने प्लास्टिक मुक्त वितरण के लिए लोगों से अपील की।

# छेड़छाड़ के मामले को लेकर दो समुदायों के बीच हुआ संघर्ष

- भारी संख्या में पुलिस बल ने पहुंचकर संभाला मोर्चा, गांव में पुलिस बल तैनात।
- लड़की छेड़छाड़ के मामले को लेकर दो समुदायों के बीच हुआ संघर्ष।
- भारी संख्या में पुलिस बल ने पहुंचकर संभाला मोर्चा, गांव में पुलिस बल तैनात।

✷ एनसीआर टुडे. नहटौर ✷





ग्राम बेगराजपुर मे दो संप्रदाय में पूर्व में लड़की छेड़छाड़ के मामले को लेकर एक सांप्रदाय के युवकों ने दूसरे संप्रदाय की युवक को घर जाने के दौरान उसकी मोटरसाइकिल रोककर उसके साथ गाली गलौज करते हुए मारपीट की।

साथ ही इस मामले की सूचना पुलिस को मिलने पर पुलिस में हड़कंप मच गया। पुलिस ने मौके पर पहुंचकर एक पक्ष के मारने वाले तीन युवकों को हिरासत में ले लिया।सीओ धामपुर के नेतृत्व मे पुलिस ने गांव मे पैदल गश्त किया। गांव में शांति व्यवस्था कायम रखने के लिए पुलिस तैनात कर दी गई है।

जानकारी के अनुसार नहटौर क्षेत्र के गांव बेगराजपुर का एक वीडियो बुधवार को सोशल मीडिया पर वायरल होने पर पुलिस प्रशासन हरकत में आया ।उक्त वीडियो में मारपीट होती हुई नजर आ रही है। इसके बाद पुलिस प्रशासन गांव पहुंचा। बताया जा रहा है कि एक समुदाय की पूर्व मे लड़की के साथ छेड़छाड़ को लेकर यह विवाद हुआ था। पूर्व में दोनों पक्षों में समझौता हो गया था। बुधवार को सुबह करीब 10:00 बजे दलित समाज का एक युवक मोटरसाइकिल से घर वापस जा रहा था।

आरोप है कि जब वह गांव की मस्जिद के बाहर के राश्ते से निकल कर घर जा रहा था। इसी दौरान दूसरे समुदाय के एक युवक ने अन्य दो युवको के साथ उसे रोक लिया तथा उसके साथ गाली गलौज करके मारपीट शुरू कर दी। उसे जान से करने का प्रयास किया। किसी तरह से वह उनके चंगुल से निकाल कर घर की तरफ को भागा।

इसी दौरान उसकी मोटरसाइकिल गिर गई साथ ही आरोपी लाठी डंडे लेकर घर की तरफ को भागे तथा जाति सूचक शब्द कहते हुए घर के सामने गाली गलौज तथा जान से मारने की धमकी देते हुए तथा झूठे मुकदमे में फसाने की धमकी देकर फरार हो गए थे।इस मामला का पुलिस को पता लगने पर पुलिस मौके पहुंची। पुलिस ने तीन युवकों को हिरासत में लेकर थाने ले आई। घटना का पता लगने पर सीओ धामपुर अभी नारायण पांडे मय फोर्स के मौके पर पहुंचे।

मामले की ग्रामीणों से जानकारी ली। गांव में शांति व्यवस्था कायम रखने के लिए सीओ धामपुर, प्रभारी निरीक्षक धामपुर राजेश चौहान थानाध्यक्ष नहटौर धीरज नागर उप निरीक्षक जितेंद्र तोमर भारत सिंह में फोर्स के गांव में पैदल गश्त करके ग्रामीणों से शांति व्यवस्था बनाए रखने की अपील की।

## गंग नहर में तैरता मिला अज्ञात व्यक्ति का शव

✷ एनसीआर टुडे. नजीबाबाद ✷

गंग नहर में तेज पानी के बहाव में एक अज्ञात व्यक्ति का शव तैरता मिला जिसे ग्रामीणों ने पानी से बाहर निकालकर पुलिस को सूचना दी।

मौके पर पहुंची स्थानीय पुलिस ने शव की पहचान कराने के प्रयास किए लेकिन शिनाख्त नहीं होने के बाद पुलिस ने शव का पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम के लिए भिजवा दिया।

जानकारी के अनुसार बुधवार की दोपहर हरिद्वार बाईपास समीपुर नगर में ग्रामीणों ने पानी के तेज बहाव में एक व्यक्ति के शव को तैरता हुआ देखा।

कुछ ग्रामीणों में मानवता का परिचय देते हुए व्यक्ति के शव को पानी के बाहर निकाल लिया तथा इसकी सूचना पुलिस को दी।

सूचना पाकर मौके पर पहुंचे क्षेत्राधिकारी नीतेश प्रताप,थाना अध्यक्ष धीरज सिंह सोलंकी, नवीन मंडी चौकी प्रभारी, नक्षेत्रपाल सिंह, ने पुलिस टीम के साथ पहुंचकर लोगो से व्यक्ति के शव की जानकारी ली जिससे लोगों ने बताया की शव केवल पानी में तैरता हुआ जा रहा था।

उसको केवल बाहर निकाला गया है। बताया जाता है की व्यक्ति का शव पूरी तरह सड़ चुका था उसमें काफी बदबू आ रही थी व्यक्ति की कोई पहचान नहीं हो सकी। अनुमान लगाया जा रहा हैं कि व्यक्ति नहर में नहाते हुए डूबकर मरा है।

क्योंकि उसने केवल ब्लू कलर का कच्छा पहने हुए था। पुलिस ने शव का पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम के लिया भिजवा दिया।

## दो कारों की भिड़ंत में 42 वर्षीय महिला की इलाज के दौरान मौत हो जाने पर परिजनों में कोहराम मच गया





✷ एनसीआर टुडे. अफजलगढ़ ✷

हरेवाली बिरला फार्म मार्ग पर स्थित पेट्रोल पंप के समीप अचानक सामने गाय आ जाने के दौरान स्विफ्ट डिजायर कार व अर्टिका कार की भिड़ंत में 42 वर्षीय महिला गंभीर रूप से घायल हो गई।

घायल महिला को राहगीरों की मदद से सीएचसी में भर्ती कराया गया। जहां इलाज के दौरान राश्ते में ही काशीपुर ले जाने के दौरान महिला की मौत हो जाने पर परिजनों में कोहराम मच गया।

अफजलगढ़ थाना क्षेत्र के गांव भागीजोत निवासी रोहित सैनी पुत्र स्वर्गीय हिम्मत सिंह बुधवार की देर शाम करीब शाम पांच बजे वह अपनी कार आर्टिका में सवार होकर हरिद्वार से अपने घर वापस आ रहा था।

जैसे ही उसकी कार हरेवली बिरला फार्म मार्ग पर स्थित राजू पेट्रोल पंप के समीप पहुंची तो विपरीत दिशा से आ रही स्विफ्ट डिजायर कार के सामने अचानक गाय आ जाने से दोनों कारों में भिड़ंत हो गई।

कार में सवार प्रदीप कुमार व उसकी मां गंगा देवी पत्नी स्वर्गीय अमर सिंह निवासी गांव भागीजोत थाना अफजलगढ़ मामूली रूप से चोटिल हो गए। जबकि कार में सवार पीछे बैठी महिला बबीता उम्र 42 वर्षीय पत्नी महेश निवासी गांव टांडा सिपाहियों वाला थाना स्योहारा गंभीर रूप से घायल हो गई।

घायल महिला बबीता को राहगीरों की मदद से सीएचसी अफजलगढ़ में भर्ती कराया गया जहां से प्राथमिक उपचार के बाद घायल महिला बबीता को हायर सेंटर रेफर कर दिया गया। जहां इलाज के दौरान राश्ते में ही काशीपुर ले जाने के दौरान महिला बबीता की मौत हो जाने पर परिजनों में कोहराम मच गया। सड़क दुघर्टना में दोनों कार क्षतिग्रश्त हो गई।

पुलिस ने दोनों कारों को अपने कब्जे में लेकर मामले की जांच शुरू कर दी है। उधर थानाध्यक्ष सुमित राठी ने बताया कि घायल महिला बबीता पत्नी महेश निवासी गांव टांडा सिपाहियों थाना स्योहारा की मौत हो गई है। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेजने की तैयारी शुरू कर दी। तहरीर मिलने पर आवश्यक कार्रवाई की जायेगी।

# चोरी का माल खरीदने के आरोप में दो को उठाया

**राजस्थान पुलिस की छापेमारी से सराफा बाजार में हड़कंप**



✷ एनसीआर टुडे. नहटौर ✷

राजस्थान पुलिस ने चोरी के जेवरात खरीदने के आरोप में तीन दिन पूर्व नहटौर में तीन सर्राफा व्यापारियो के घर पर छापेमार कार्रवाई की थी। पुलिस ने दो सर्राफा व्यापारियों को पकड़ा था। एक व्यापारी को पूछताछ के बाद छोड़ दिया था। एक आरोपी को बुधवार को लेकर नहटौर पहुंची। उसकी निशानदेही पर चोरी किए गए जेवरात बरामद किए।

जानकारी के अनुसार तीन दिन पूर्व नहटौर के मोहल्ला सराय जोखा सिंह, पठानो वाली मस्जिद व सुनारो वाली गली में तीन सर्राफा व्यापारियो के घरो पर छापेमार कार्रवाई की। पुलिस ने दो सर्राफा व्यापारियो को पकड़ लिया था। एक को पूछताछ के बाद छोड़ दिया था। एक सर्राफा व्यापारी को राजस्थान ले गई थी।

बताया जाता है कि राजस्थान के जोधपुर में चोरी के मामले छापेमार कार्रवाई की गई थी। 97 ग्राम सोने के जेवरात खरीदे गए थे। राजस्थान ले गई व्यापारी को कोर्ट में पेश करने के बाद बुधवार को राजस्थान पुलिस नहटौर पहुंची। नहटौर पुलिस के साथ उसके घर पर पहुंचकर निशानदेही पर चोरी के जेवरात बरामद किए है। थानाध्यक्ष धीरज नागर ने राजस्थान पुलिस के आने की पुष्टि की है।

## नदी किनारे मिला शव, परिजनों ने हत्या की आंशका की व्यक्त

✷ एनसीआर टुडे. बिजनौर ✷

शेरकोट थाना क्षेत्र में खो नदी के पास स्थित नर्सरी में बुधवार की सवेरे एक



व्यक्ति का शव मिलने से क्षेत्र में सनसनी फ़ैल गई।

मृतक की पहचान मौहल्ला मनिहारन निवासी 38 वर्षीय सलीम पुत्र अब्दुल हमीद के रूप में हुई है। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। बताया गया है कि सलीम नशें का आदी था तथा अक्सर बिना बताए घर से चला जाता था मृतक की पत्नी ने भी उसकी नशे की लत से परेशान होकर तलाक ले लिया था।

परिजनों के अनुसार सलीम मंगलवार की दोपहर से घर से गया हुआ था जिसके बाद से उसका कोई पता नहीं था। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम हेतु भेज दिया है। मृतक के परिजनों ने हत्या की आंशका जताई है, पुलिस ने अपने श्तर से जांच कार्रवाई शुरू कर दी है।

# ग्राम पंचायत मोटा ढाक में चौपाल लगाकर डीएम ने जॉनी ग्रामीणों की समस्या

✷ एनसीआर टुडे. बिजनौर ✷




जिलाधिकारी जसजीत कौर की अध्यक्षता में आज निर्धारित कार्यक्रम के अंतर्गत शाम 5:00 बजे गांव की समस्या-गांव में समाधान के तहत विकास खंड नजीबाबाद के ग्राम पंचायत मोटाढाक में ग्राम चौपाल का आयोजन कर ग्राम वासियों की समस्याओं का मौके पर मौजूद अधिकारियों के माध्यम से समाधान किया गया।

इस अवसर पर उप जिलाधिकारी नजीबाबाद, ग्राम प्रधान, जिला विकास अधिकारी रचना गुप्ता, जिला पंचायत राज अधिकारी दमनप्रीत सिंह अरोड़ा, डीसी मनरेगा सहित अन्य विभागीय अधिकारी मौजूद थे।

जिलाधिकारी श्रीमती कौर ने सर्व प्रथम मोटाढाक स्थित बलूनी पब्लिक स्कूल में आंगनबाड़ी के अंतर्गत महिलाओं की गोद भराई, पुष्टाहार वितरित कर बच्चों को अन्नप्राशन कराया।

जिलाधिकारी ने कहा कि शासन का उद्देश्य है कि ग्रामों में प्रवास करने वाले ग्रामीण बंधुओं को शासन द्वारा संचालित जनकल्याणकारी एवं विकास योजनाओं का पात्रता के आधार पर लाभ उपलब्ध कराया जाए। उन्होंने कहा कि ग्राम चौपाल ग्रामीणों की विभिन्न समस्याओं को त्वरित गति से ग्राम श्तर पर ही समाधान करने का प्रभावी माध्यम है, जिसके द्वारा उनकी शिकायतों के निश्तारण के अलावा सरकारी योजनाओं को पूर्ण गुणवत्ता के साथ बेहतर रूप में क्रियान्वित किया जा सकता है।


उन्होंने अधिशासी अभियंता जल निगम को निर्देशित करते हुए कहा कि गांव में प्राथमिकता के आधार पर स्वच्छ पेयजल कार्य को पूर्ण मानक एवं गुणवत्ता के आधार पर पूरा कराना सुनिश्चित करें तथा सड़कों पर किसी भी अवस्था में कोई पेयजल पाइप कार्य के लिए किए गए गड्ढों को भी शत प्रतिशत रूप से बंद कराना सुनिश्चित करें। उन्होंने निर्देश दिए कि गांव में वृद्धावस्था, निराश्रित तथा दिव्यांग पेंशन के पात्र लाभार्थी मौजूद हैं उनको शत प्रतिशत रूप से पेंशन दिलाने के लिए कैंपो का आयोजन कराया जाना सुनिश्चित करें।

जिलाधिकारी श्रीमती कौर ने ग्राम प्रधान एवं ग्राम वासियों द्वारा उठाए गई समस्याओं के संबंध में आश्वश्त करते हुए कहा कि उनके द्वारा सभी समस्याओं को नोट किया गया है और सभी समस्याओं का निराकरण पूर्ण गुणवत्ता कि आधार पर शीघ्रता के साथ किया जाएगा। उन्होंने सभी विभागीय अधिकारियों को निर्देशित करते हुए कहा कि गांव का कोई भी पात्र व्यक्ति जनकल्याणकारी सरकारी योजनाओं से संतृप्त होने से वंचित ना रहने पाए।

जिलाधिकारी द्वारा ग्राम चौपाल कार्यक्रम से पूर्व आयुष्मान आरोग्य मंदिर, उप स्वास्थ केंद्र तथा ग्राम सचिवालय का निरीक्षण भी किया गया जहां पर सभी व्यवस्था पूर्णरूप संचालित पाई गई।

## गर्मी में पानी के नल खराब होने से स्थानीय लोग परेशान

**एनसीआर टुडे. स्योहारा।** शहर में पेयजल संकट गहराता जा रहा है। नगर के कई मोहल्लों में लगे सरकारी नल खराब पड़े हैं, जिससे लोगों को पीने के पानी के लिए भारी परेशानियों का सामना



करना पड़ रहा है। स्थानीय निवासियों का कहना है कि पिछले कई दिनों से नलों में पानी नहीं आ रहा है ये नल पूरी तरह से टूटे हुए हैं। नल या तो जंग खा चुके हैं या लीकेज की वजह से पानी व्यर्थ बह रहा है पानी। कई जगहों पर नलों में पानी की एक बूंद भी नहीं आ रही है।

स्थानीय निवासियों ने बताया, 'सरकारी नलों से ही हमें पीने का पानी मिलता है, लेकिन अब महीनो से पानी नहीं आ रहा। हमने कई बार नगर पालिका में लिखित में शिकायत की, पर कोई सुनवाई नहीं हो रही।' इसी तरह, के निवासी ने बताया कि महिलाओं को दूर-दराज के इलाकों से पानी लाना पड़ रहा है, जिससे उन्हें खासा दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है। 'गर्मियों में वैसे ही पानी की जरूरत ज्यादा होती है, ऊपर से नल खराब पड़े हैं,' उन्होंने कहा।

स्थानीय पार्षदों और नगर पालिका प्रशासन को इस समस्या की जानकारी दी गई है, ।लेकिन अब तक कोई ठोस कदम नहीं उठाया गया है। नागरिकों की मांग है कि जल्द से जल्द नलों की मरम्मत करवाई जाए और नियमित जल आपूर्ति बहाल की जाए। यदि जल्द समस्या का समाधान नहीं हुआ तो नागरिकों ने प्रदर्शन की चेतावनी भी दी है।

# अपर आयुक्त व्यापार कर ने राजस्व वसूली में दिये सख्ती के निर्देश

**डीएम व एसपी से भेंट कर मांगा सहयोग, बड़े टर्न-ओवर छिपाने वाले प्रतिष्ठानों पर दिये कार्रवाई के संकेत**

✷ एनसीआर टुडे. बिजनौर ✷



जोनल अपर आयुक्त अशोक कुमार सिंह एवं अपर आयुक्त (प्रवर्तन) आर०ए० सेठ मुरादाबाद जोन मुरादाबाद द्वारा आज जिला बिजनौर का भ्रमण किया गया।

जिसमें सर्वप्रथम डीएम जसजीत कौर से दोनों अधिकारियों द्वारा भेंट करते हुए विभागीय कार्यों विशेषकर राजस्व वृद्धि एवं बकाया वसूली के संदर्भ में सहयोग करने का अनुरोध किया गया, जिसके अन्तर्गत विगत कई वर्षों से लम्बित बड़े बकायादारों से बकाया की वसूली के संदर्भ में जिलाधिकारी द्वारा पूर्ण सहयोग का आश्वासन दिया गया।

तत्पश्चात जोनल आयुक्त द्वारा वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक, जनपद बिजनौर से भेंट करते हुए प्रवर्तन संबंधी कार्यों में जनपद पुलिस के सहयोग की अपेक्षा की गयी, जिसपर कि वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक द्वारा पूर्ण सहयोग का आश्वासन दिया गया।

तत्पश्चात अशोक सिंह द्वारा राज्य कर भवन आदमपुर, बिजनौर में विभागीय अधिकारियों के साथ समीक्षा बैठक की गयी। इसके अतिरिक्त जोनल आयुक्त द्वारा भट्टा एसोसिएशन एवं व्यापार मण्डल के पदाधिकारियों के साथ भी बैठक की गयी। उक्त बैठक में विभिन्न व्यापारिक संगठनों से उनकी समस्याओं के विषय में जानकारी लेते हुए उनके समाधान के लिए विभागीय अधिकारियों को निर्देशित किया गया।

व्यापारियों के साथ किये गये संवाद के समय भट्टा एसोसिएशन के पदाधिकारियों द्वारा जनपद के बाहर से कर चोरी में संलिप्त वाहनों द्वारा ईटों की आमद से राजस्व पर पड़ने वाले विपरीत प्रभाव का प्रश्न उठाया गया, जिसमें अपर आयुक्त द्वारा तत्काल जनपद के बाहर से कर चोरी के साथ आये वाहनों पर प्रवर्तन की कार्यवाही को अभियान के रुप में चलाने के निर्देश दिये।

साथ ही जिन भट्टों द्वारा रु0 40.00 लाख से कम वार्षिक टर्नओवर दिखाया जा रहा है, उनके विरूद्ध कड़ी कार्यवाही किये जाने के निर्देश प्रवर्तन विंग को दिये गये है। इसके अतिरिक्त समाधान योजना अपनाते हुए जानबूझकर कम कर देने वाले व्यापारियों के विरुद्ध कड़ी कार्यवाही के निर्देश दिये गये।

जोनल आयुक्त द्वारा विभागीय समीक्षा बैठक एवं विभिन्न व्यापारिक संगठनों से हुई वार्ता के उपरान्त जनपद बिजनौर के समश्त व्यापारियों एवं व्यापारिक संगठनों से अपील की गयी कि राज्य कर विभाग से सम्बन्धित किसी भी समस्या के लिए निकटतम राज्य कर कार्यालय में सम्पर्क करते हुए अधिकारियों से संवाद स्थापित करें।

साथ ही समश्त व्यापारी समय से अपना रिटर्न दाखिल करते हुए वाश्तविक टर्नओवर को घोषित करें एवं वृद्धि के साथ कर अदा करें।

जोनल आयुक्त द्वारा इस विषय पर गंभीर आपत्ति व्यक्त की गयी कि जनपद बिजनौर अनेक बड़े व्यापारियों द्वारा अनुचित रुप से समाधान योजना अपनाते हुए समाधान राशि जमा की जा रही है एवं अपने वाश्तविक टर्नओवर को छिपाया जा रहा है।

इस संदर्भ में समाधान योजना से सम्बन्धित बड़े व्यापारिक प्रतिष्ठानों की रैकी ओर तत्पश्चात वि०अनु०शा० जॉच के निर्देश देते हुए इस संदर्भ में प्रभावी कार्यवाही करने के निर्देश दिये गये।

## अखिल भारतीय गुर्जर महासभा ने जननायक किसान मसीहा राजेश पायलट की 25वीं पुण्यतिथि मनाई

बिजनौर। अखिल भारतीय गुर्जर महासभा के तत्वावधान में जननायक, किसानों के मसीहा, प्रेरणा स्रोत एवं पूर्व केंद्रीय मंत्री स्व. श्री राजेश पायलट जी की 25 वीं पुण्यतिथि प्रेरणा दिवस के रूप में श्रद्धापूर्वक सादगी से मनायी गई।

विचार गोष्ठी में अखिल भारतीय गुर्जर महासभा के राष्ट्रीय प्रवक्ता एवं प्रचार मंत्री डॉ. मनोज कटारिया ने प्रेरणा स्रोत स्व. पायलट को श्रध्दासुमन अर्पित करते हुए कहा कि एक ऐसा व्यक्तित्व जिन्होंने अपना पूरा जीवन देश और समाज के लिए समर्पित कर दिया। किसानों के मसीहा, युवाओं के प्रेरणास्रोत और गरीबों के सच्चे हमदर्द स्व० राजेश पायलट जी हमेशा हम सब के दिलों में एक विशेष स्थान रखेंगे। उन्होंने कहा कि उनके निधन से हुई समाज की अपूर्णीय क्षति आज भी महसूस होती है और उनके विचार, उनकी सादगी एवं उनका जनसेवा का जज्बा हमें निरंतर प्रेरित करता रहेगा। उन्होंने हमेशा राजनीति को सेवा का माध्यम माना और आम आदमी की आवाज बनकर खड़े रहें।

विचार गोष्ठी में स्व० राजेश पायलट की 25 वीं पुण्यतिथि पर उन्हें नमन करते हुए उनके दिखाए राश्ते पर चलने का संकल्प लिया गया। जनपद के ग्राम मंझौला गुर्जर में डॉ० मनोज कटारिया के निवास स्थान पर वरिष्ठ समाज सेवी एवं शिक्षाविद ओमवीर सिंह भड़ाना की अध्यक्षता और वेदपाल सिंह जिन्दल के संचालन में आयोजित विचार गोष्ठी में धर्मपाल सिंह, चन्द्रपाल सिंह, राजपाल सिंह, नरेशपाल सिंह, टीकाराम सिंह, सुरेश कुमार, राजीव कुमार, विरेन्द्र सिंह, वरूण कुमार, राजेन्द्र सिंह, अर्जुन सिंह, पवन कुमार, संजीव कुमार, संजय सिंह, महावीर सिंह, महीपाल सिंह, मोहित कुमार, कमल सिंह, परवीन सिंह, सतीश कुमार, तिलक राम सिंह एवं देवेन्द्र सिंह आदि ने श्रद्धेय राजेश पायलट को नमन कर श्रद्धासुमन अर्पित किए।

## संक्षिप्त समाचार

### विश्वनाथ मंदिर के नाम पर चल रही तरह-तरह से ठगी, फर्जी वेबसाइट बना कमाई का प्रमुख जरिया

**वाराणसी, एजेंसी।** विश्वनाथ मंदिर में दर्शन-पूजन के लिए बड़ी संख्या में श्रद्धालु आ रहे हैं। उनकी भीड़ को देखते हुए ठगों की भीड़ भी मंदिर परिसर के आसपास जमा हो गई है। ठगी के तरह-तरह के तरीके तलाश लिया है। पंडा बनकर, गाइड बनाकर, स्थानीय जारकार बनकर, ऊंची पहुंच-पकड़ बताकर ठगी कर रहे हैं। सबकुछ पुलिस के सामने होता है।

काशी विश्वनाथ मंदिर के नाम पर फर्जी वेबसाइट बनाकर ठगी का मामला कई बार सामने आया है। इसके जरिए सैकड़ों लोगों से दस लाख रुपये से अधिक की ठगी की आशंका है। श्रीकाशी विश्वनाथ मंदिर न्यास परिषद के मुख्य कार्यपालक अधिकारी विश्व भूषण ने इस मामले की शिकायत पुलिस से भी की थी।

साइबर ठग काशी विश्वनाथ मंदिर के नाम पर फर्जी वेबसाइट बनाकर सावन मास में सुगम दर्शन, पूजन, रुद्राभिषेक समेत आरती की बुकिंग करा रहे थे। जबकि मंदिर की असली वेबसाइट पर सावन माह में सुगम दर्शन आदि के टिकट की बुकिंग बंद रहती है। एक वेबसाइट 'घर मंदिर डाट इन' 'काशी विश्वनाथ डाट इन' समेत अन्य फर्जी वेबसाइट की जानकारी मिली।

### जम्मू-कश्मीर में विकास से देना होगा पाकिस्तान को मुंहतोड़ जवाब, सीएम उमर अब्दुल्ला अलीगढ़ में दोस्त के निधन पर पहुंचे



**अलीगढ़, एजेंसी।** जम्मू कश्मीर के मुख्यमंत्री उमर अब्दुल्ला अलीगढ़ आए हैं। शहर के सिविल लाइंस क्षेत्र के शमशाद मार्केट स्थित आफताब मंजिल पर पहुंचकर उन्होंने साजिद खान के निधन पर शोक जताया। यहां साजिद खान का घर है। अलीगढ़ यूनिवर्सिटी (एएमयू) पूर्व कुलपति साहिबजादा आफताब अहमद खान के रिश्तेदार साजिद खान दुबई में ताज होटल में नौकरी करते थे। वहां ईद के बाद शनिवार को हार्ट अटैक से उनकी मौत हो गई थी। इनका शव मंगलवार को अलीगढ़ लाया गया। इस परिवार से उमर अब्दुल्ला के लंबे समय से रिश्ते हैं।

जम्मू-कश्मीर के मुख्यमंत्री उमर अब्दुल्ला ने कहा है, कि घाटी में जितना विकास हो, वो कम है। हमें अधिक से अधिक विकास कार्य करने होंगे। पाकिस्तान जिस तरह की हरकत करता है, उसके जवाब के विकास कार्य बहुत जरुरी हैं। चिनाब नदी पर दुनिया का सबसे ऊंचा पुल बनना देश की बड़ी उपलब्धि है। उमर अलीगढ़ में अपने मित्र साजिद अली के निधन पर शोक जताने शमशाद मार्केट स्थित उनके आफताब मंजिल आवास पर पहुंचे थे. वो सर्किट हाउस में आराम करने भी गए। साहिबजादा का जन्म 1867 में हरियाणा के करनाल जिले के कुंजपुरा में हुआ था। वे नवाब गुलाम अहमद खान के पुत्र थे जो ग्वालियर राज्य में ग्वालियर काउंसिल आफ रीजेंसी के सदस्य थे। उन्होंने 1878 से 1890 तक मुहम्मडन एंग्लो ओरिएंटल कालेज(अब एएमयू) में अध्ययन किया। कैम्ब्रिज विश्वविद्यालय में क्राइस्ट कॉलेज में भाग लिया और 1894 में भारत लौटने से पहले लंदन के इनर टेम्पल से बार-एट-लॉ नियुक्त किए गए। अलीगढ़ में घर बनाया और वकालत भी की थी।

### बांदा में दरिंदगी का शिकार हुई मासूम ने तोड़ा दम, कानपुर में इलाज के दौरान मौत

**कानपुर, एजेंसी।** बांदा में तीन वर्ष की मासूम के साथ हुई दरिंदगी का जख्म सह रही नन्हीं बिटिया ने बुधवार सुबह अंतिम सांस ली। एलएलआर अस्पताल के बाल रोग विभाग के वेंटिलेटर पर हर सांस के लिए संघर्ष कर रहीं मासूम की स्थिति में सात दिनों तक कोई सुधार नहीं हुआ।

# यूपी के छोटे शहर भी बन रहे निवेशकों की पसंद, जीसीसी कॉन्क्लेव में बोले मुख्य सचिव मनोज कुमार सिंह

**लखनऊ, एजेंसी।** निवेश को आकर्षित करने और वैश्विक क्षमता केंद्र (जीसीसी) नीति 2024 के प्रचार-प्रसार को इन्वेस्ट यूपी द्वारा आयोजित कॉन्क्लेव में निवेशकों ने उत्साह दिखाया।

मुख्य सचिव मनोज कुमार सिंह ने कहा कि आठ साल पहले उप्र निवेशकों के लिए पहला विकल्प नहीं होता था। अब स्थिति बदल गई है। यूपी निवेशकों की पहली पसंद बन रहा है। टियर-दो और टियर-तीन शहरों में भी निवेश गति पकड़ रहा है। नोएडा-ग्रेटर नोएडा जीसीसी हब के रूप में उभर रहे हैं। सरकार से लेकर अधिकारी तक इस दिशा में काम रहे हैं।

ताज होटल में हुए आयोजन में मुख्य सचिव ने कहा कि पिछले सात-आठ साल में जीडीपी को दोगुना करने के उप्र जैसे उदाहरण दुनिया में बहुत कम हैं। बेहतर नीतियों से दुनिया भर के निवेशक आकर्षित हो रहे हैं।

नोएडा-ग्रेटर नोएडा की तरह बुंदेलखंड में औद्योगिक केंद्र विकसित किया जा रहा है। सभी एक्सप्रेस वे के इंटरचेंज पर इंटीग्रेटेड



मैन्यूफैक्चरिंग क्लस्टर के लिए छह हजार एकड़ जमीन ली जा चुकी है। उन्होंने हितधारकों से सुझाव देने का भी आग्रह किया।

प्रमुख सचिव अवस्थापना एवं औद्योगिक विकास आलोक कुमार ने निवेशकों को जीसीसी निवेश के लिए पूर्ण समर्थन का भरोसा दिलाया। प्रमुख सचिव आइटी और इलेक्ट्रानिक्स अनुराग यादव, प्रमुख सचिव आवास पी. गुरुप्रसाद, मुख्य कार्यकारी अधिकारी इन्वेस्ट यूपी और उपाध्यक्ष एलडीए प्रथमेश कुमार ने सुविधाओं आदि की जानकारी दी।

आयोजन में एसआरके गेमचेंजर्स, स्टैंडर्ड चार्टर्ड बैंक, स्व-इंडिया, टेक्यान नेटवर्क्स, टीसीएस, ट्राइडेंट, यूएसइनफाउंडेशन, वेलोसिस सिस्टम्स, डेलाइट, यूएस इंडिया, एचसीएल, माइक्रोसॉफ्ट, अम्हेक, सेटी, वेंचर लिफ्ट, इवानी, हाई-टेक मेडिक्स, ईवी बूथ, पाजिट्रोई, केएनपी, बायोजेंटा, जेबीजेएम ग्रुप, जेनरोबोटिक्स आदि कंपनियां शामिल हुईं।

कई कंपनियों ने जीसीसी में निवेश की प्रतिबद्धता जताई। सहमति बनी कि बेंगलुरु, चेन्नई और हैदराबाद में जीसीसी कॉन्क्लेव करने और विदेशी निवेशकों के लिए अमेरिका व यूरोप के अंतरराष्ट्रीय थिंक टैंकों के साथ रोड शो किए जाएंगे। प्रबंध निदेशक यूपीडेस्को नेहा जैन आदि उपस्थित थे।

माइक्रोसॉफ्ट इंडिया के वरुण रमनन ने मंजूरी, भूमि आवंटन और सब्सिडी में यूपी के समर्थन की सराहना की। नासकॉम के क्षेत्रीय प्रमुख उत्तर भारत अमित वर्मा,एमएक्यू सॉफ्टवेयर के संस्थापक राजीव अग्रवाल और टीसीएस लखनऊ के केंद्र प्रमुख और प्रमुख सलाहकार अमिताभ तिवारी ने सरकार की नीतियों की सराहना की। ट्राइडेंट ग्रुप के बोर्ड सदस्य निर्मलजीत सिंह कालसी ने नोएडा में जीसीसी स्थापित करने की योजना की घोषणा की।

### गोरखपुर वासियों के लिए खुशखबरी- अगले साल तक बनकर तैयार हो जाएगा एक और पुल, जीडी ने जारी किया टेंडर

**गोरखपुर, एजेंसी।** तारामंडल क्षेत्र में प्रस्तावित दो लेन का पुल अगले साल तक बनकर तैयार हो जाएगा। इसे लेकर तैयारी तेज हो गई है। गोरखपुर विकास प्राधिकरण (जीडीए) ने दूसरी बार कार्य का टेंडर निकाला है। पहली बार निकाले गए टेंडर में सिर्फ दो फर्मों ने आवेदन किया था, लेकिन एक फर्म तकनीकी शर्तें पूरी नहीं कर सकी, जिससे प्राधिकरण को दूसरी बार टेंडर निकालना पड़ा। 18 जून आवेदन की आखिरी तिथि है इसी दिन दोपहर बाद जीडीए टेंडर भी खोल देगा।

नौकायन क्षेत्र में ट्रैफिक लोड कम करने के लिए प्राधिकरण की ओर से गंभीरनाथ प्रेक्षागृह के पीछे से वाटर बाडी होते हुए वसुंधरा एन्क्लेव तक प्रस्तावित पुल को शासन की ओर से दो माह पहले ही वित्तीय एवं प्रशासनिक मंजूरी दी जा चुकी है। 15.57 करोड़ की लागत वाले 112 मीटर लंबे इस पुल का निर्माण शुरू कराने के लिए शासन ने 7.78 करोड़ रुपये भी जारी कर दिए हैं।

इस पुल के बन जाने से जीएसटी कार्यालय होते हुए देवरिया बाईपास रोड तक पहुंचने का नया वैकल्पिक रास्ता मिल जाएगा। साथ ही जिन्हें बुद्ध विहार पार्ट बी, पार्ट ए, सिद्धार्थनगर, आजाद नगर पूर्वी आदि कालोनियों की ओर जाना है, उनकी राह भी आसान हो जाएगी।



## सरकारी भूमि पर काम कर रहे थे लोग, प्रशासन ने चुपके-से मारा छापा; टीम को देखते ही मची खलबली

**घाटमपुर (कानपुर), एजेंसी।** तहसील क्षेत्र के बरौली गांव में सरकारी भूमि पर मिट्टी के अवैध खनन की सूचना पर प्रशासन व पुलिस की टीम ने छापा मारा। खबर होते ही खनन करा रहे लोग वाहन समेत भाग निकले। कुछ दूर पर ही दूसरे खेत में बुलडोजर खड़ा मिला। प्रशासन को शक है कि यही बुलडोजर खनन में लिप्त था। उपजिलाधिकारी के मुताबिक कार्रवाई की जा रही है।

उपजिलाधिकारी अबिचल प्रताप सिंह ने बताया कि खनन की सूचना पर तहसीलदार लक्ष्मीनारायण बाजपेयी व पुलिस बल के साथ सोमवार रात 12 बजे बरौली ग्राम में छापा मारा गया। सूचना पर खनन करने वाले लोग तो भाग निकले, लेकिन पता चला कि बरौली निवासी महेंद्र यादव का बुलडोजर खनन में संलिप्त था, बुलडोजर पर रोहित यादव का नाम पेंट से लिखा है, जोकि महेंद्र यादव का लड़का है। बुलडोजर थोड़ी दूर खड़ा भी मिला है। जांच में ग्राम सभा की भूमि गाटा संख्या-710 पर 720 घन मीटर खनन पाया गया है। पता चला कि पिछली कई रातों से खनन किया जा रहा था। एसडीएम ने बताया कि आरोपितों के विरुद्ध प्राथमिकी दर्ज कराने के लिए निर्देश दिए गए हैं।

प्राथमिक जांच में खनन के काम में रोहित यादव पुत्र महेंद्र यादव, विमलेश यादव उर्फ बाबू पुत्र श्रीराम, महेंद्र यादव के अन्य पुत्र, अज्ञात बुलडोजर चालक, ट्रैक्टर चालक, व प्रशासन के मूवमेंट की सूचना अवैध खनन माफियाओं को देने वाले शामिल हैं। इसमें कुछ मोटर साइकिलों के नंबर भी नोट किए गए हैं। एसडीएम ने बताया कि सरकारी भूमि पर अवैध खनन को संगठित तरीके से अंजाम दिया जा रहा था। संलिप्त व्यक्तियों पर खनन विभाग के अतिरिक्त राजस्व प्रशासन के द्वारा भी कठोर कार्रवाई सुनिश्चित की जाएगी।

## भाजपा जिलाध्यक्ष अमर किशोर कश्यप पार्टी से निष्कासित, वायरल हुआ था महिला संग आपत्तिजनक वीडियो

**गोंडा, एजेंसी।** आखिरकार भाजपा ने कार्यालय में महिला के साथ आपत्तिजनक वीडियो प्रसारित होने के मामले में जिलाध्यक्ष अमर किशोर कश्यप को निष्कासित कर दिया है। प्रदेश मुख्यालय के प्रभारी व महामंत्री गोविंद नारायण शुक्ल ने कहा कि जिलाध्यक्ष का जवाब संतोषजनक नहीं है।

इंटरनेट मीडिया पर प्रसारित वीडियो 12 अप्रैल 2025 में रात करीब साढ़े नौ बजे का बताया जा रहा है। वीडियो में जिलाध्यक्ष कार्यालय से बाहर जाते हैं और कुछ लोगों से बात करते हैं, इसके बाद वह अंदर आते हैं।

दोबारा फिर बाहर जाते हैं और एक सफेद रंग की कार अंदर आती है, जिसमें से उतरकर वह फिर गेट पर खड़े लोगों से बात करने के लिए चले जाते हैं। थोड़ी देर बाद वह वापस आते हैं, इसके बाद कार से महिला नीचे उतरती है और कार्यालय



में चली जाती है। महिला के पीछे-पीछे वह भी अंदर जाते हैं। जिलाध्यक्ष ने 28 मई को स्पष्टीकरण दिया था। बुधवार को प्रदेश महामंत्री ने जिलाध्यक्ष अमर किशोर कश्यप को पार्टी से तत्काल प्रभाव से निष्कासित कर दिया है। उन्होंने कहा कि जिलाध्यक्ष का जवाब संतोषजनक नहीं है। उनका यह कृत्य घोर अनुशासनहीनता की परिधि में आता है। इंटरनेट मीडिया पर प्रसारित वीडियो में भाजपा जिलाध्यक्ष अमर किशोर कश्यप के साथ दिखने वाली महिला ने छपिया थाने में अज्ञात के खिलाफ मुकदमा कराया था। रिपोर्ट के मुताबिक महिला ने कहा 25 मई को इंटरनेट मीडिया पर मेरा वीडियो प्रसारित हो रहा है, जिसमें मैं जिलाध्यक्ष के साथ मौजूद हूं। उक्त वीडियो को कुछ अज्ञात व्यक्तियों द्वारा प्रसारित किया जा रहा है। वीडियो को गलत तरीके से प्रसारित करके भाजपा जिलाध्यक्ष, जो मेरे बड़े भाई समान हैं, उनको बदनाम किया जा रहा है। जो गलत है। वीडियो प्रसारित होने से मेरे सम्मान पर ठेस पहुंची है। प्रकरण की विवेचना मनकापुर कोतवाली में स्थानांतरित कर दी गई थी। पुलिस प्रकरण की विवेचना कर रही है।

## कब तक पूरा होगा कानपुर-लखनऊ एक्सप्रेसवे का काम? जिलाधिकारी ने दिया बड़ा अपडेट

**कानपुर, एजेंसी।** उन्नाव में रेलवे ओवर ब्रिज (आरओबी) को लेकर अनुमति मिलने में देरी के कारण कानपुर-लखनऊ एक्सप्रेसवे का काम लटका रहा। अब 31 मई के स्थान पर 31 जुलाई तक निर्माण पूरा करने का लक्ष्य है। वहीं दूसरे चरण में बनी पुल से शहीद पथ तक का निर्माण अक्टूबर 2025 तक पूरा कर लिया जाएगा। इसके बाद कानपुर से लखनऊ के बीच की यात्रा 35 से 40 मिनट में पूरी हो सकेगी। यह जानकारी सोमवार को निर्माणाधीन एक्सप्रेसवे के काम का उन्नाव में निरीक्षण करने के बाद जिलाधिकारी जितेन्द्र प्रताप सिंह ने दी।



उन्होंने बताया कि एक्सप्रेसवे के प्रथम चरण के 45 किमी का निर्माण उन्नाव स्थित रेलवे ओवरब्रिज को लेकर अनुमति मिलने समेत दूसरे कारणों के चलते बाधित हुआ। अब जुलाई 2025 तक काम पूरा होने का लक्ष्य तय किया गया है। इसी तरह लखनऊ छोर में बनी पुल से शहीद पथ तक के 17 किमी के द्वितीय चरण का निर्माण अक्टूबर तक पूरा किए जाने की संभावना है। इसके बाद एक्सप्रेसवे पर वाहन दौड़ने लगेंगे। उन्होंने बताया कि एक्सप्रेसवे के निर्माण के बाद कानपुर-लखनऊ हाईवे पर वाहनों का लोड कम होने से जाम से निजात मिलेगी। अभी दो से तीन घंटे तक का समय लग रहा है। एक्सप्रेसवे अवध क्षेत्र के दो प्रमुख शहरों लखनऊ व कानपुर को जोड़ेगा। यह 62 किलोमीटर लंबा, छह लेन चौड़ा व भविष्य में आठ लेन तक विस्तार योग्य एक्सेस-कंट्रोल एक्सप्रेसवे है।

## गोरखपुर-बस्ती मंडल के 48 कॉलेजों के शैक्षिक पाठ्यक्रमों की मान्यता रद्द, इस वजह से एनसीटीई ने की कार्रवाई

**गोरखपुर, एजेंसी।** गोरखपुर और बस्ती मंडल के दीनदयाल उपाध्याय गोरखपुर विश्वविद्यालय व सिद्धार्थ विश्वविद्यालय से संबद्ध 48 महाविद्यालय अपने परिसर में संचालित बीएड, डीएलएड और बीपीएड पाठ्यक्रमों में इस सत्र से प्रवेश नहीं ले सकेंगे। एनसीटीई (नेशनल काउंसिल आफ टीचिंग एजुकेशन) ने इन महाविद्यालयों की बीएड, डीएलएड व बीपीएड मान्यता रद कर दी गई है।



महाविद्यालय के खिलाफ एनसीटीई की ओर से यह कार्रवाई परफारमेंस एप्रेजल रिपोर्ट (पार) न देने और इसे लेकर कारण बताओ नोटिस का जवाब भी न देने के चलते की गई है। एनसीटीई की ओर से कार्रवाई वाले महाविद्यालयों की सूची जारी होने के बाद उच्च शिक्षण संस्थानों में काफी हलचल है।

ऐसे शिक्षण संस्थान जिन्होंने पार नहीं दिया है, वह राहत के लिए सुप्रीम कोर्ट जाने की तैयारी कर रहे हैं जबकि जिन्होंने पार भरने के बाद कारण बताओ नोटिस का जवाब नहीं दिया है, एनसीटीई में अपील को तैयार हैं। कार्रवाई की जद में ऐसे कालेजों की संख्या ज्यादा है, जहां डीएलएड पाठ्यक्रम संचालित होता है। ऐसे कालेजों की संख्या 26 है। 18 कालेजों की बीएड पाठ्यक्रम की मान्यता रद की गई है। दो महाविद्यालयों में बीपीएड और एक में एमएड की मान्यता समाप्त की गई है।

दो ऐसे कालेज हैं, जिनके दो बीएड व डीएलएड दोनों पाठ्यक्रम एनसीटीई की कार्रवाई की जद में आए हैं। कार्रवाई से सर्वाधिक प्रभावित होने वाला जिला संतकबीर नगर व गोरखपुर है। यहां के 11-11 महाविद्यालयों पर कार्रवाई हुई है। कुशीनगर के नौ, देवरिया के 10 और बस्ती के सात कालेजों में अलग-अलग पाठ्यक्रम की मान्यता समाप्त की गई है।

## छोटे भाई ने ही फल व्यवसायी के घर में 38 लाख की चोरी, एक गलती और खुल गई पोल

**गोरखपुर, एजेंसी।** बक्शीपुर काली मंदिर के पास रहने वाले फल व्यवसायी के घर हुई करीब 38 लाख की चोरी का कोतवाली पुलिस ने पर्दाफाश कर दिया है। वारदात किसी बाहरी ने नहीं, बल्कि पीड़ित का छोटा भाई सचीन्द्र कुमार उर्फ सनी ने ही की थी।

उसने अपने साथी अनवर के साथ मिलकर घर की अलमारी का ताला तोड़कर 28 लाख रुपये कीमत के गहने और 10 लाख से ज्यादा की नकदी चुरा ली थी। पुलिस ने सर्विलांस और पूछताछ के आधार पर दोनों को गिरफ्तार कर चोरी का सामान बरामद कर लिया है।

एसपी सिटी अभिनव त्यागी ने बताया कि बक्शीपुर काली मंदिर के पास रहने वाले प्रहलाद कुशवाहा सात जून को अपने चार भाईयों और पूरे परिवार के साथ झारखंड के देवघर स्थित बैजनाथ धाम में जलाभिषेक करने गए थे। उसी घर में सबसे छोटा भाई सचीन्द्र कुमार कुशवाहा अकेला रह गया। जब परिवार नौ जून को लौटा तो कमरों की हालत देख होश उड़ गए।

अलमारी और दरवाजे के ताले टूटे थे और सभी भाईयों के कमरे से लाखों के जेवर और नकदी गायब थे। प्रहलाद की तहरीर पर मुकदमा दर्ज कर पुलिस ने जांच की तो पता लचा कि घर में अकेले मौजूद रहे छोटे भाई सचीन्द्र ने वारदात की है।

पूछताछ करने पर उसने जुर्म स्वीकार कर लिया और बताया कि उसे भाईयों द्वारा बैजनाथ धाम नहीं ले जाना नागवार गुजरा, इसी वजह से पाकीजा होटल के पास रहने वाले अपने साथी अनवर के साथ मिलकर चोरी की साजिश रची और घटना को अंजाम दिया।

सचीन्द्र और अनवर की निशानदेही पर 250 ग्राम सोने तीन किलो चांदी व 10 लाख रुपये नकद बरामद हुए। पूछताछ के बाद मंगलवार की शाम दोनों को न्यायालय में पेश किया गया जहां से जेल भेज दिया गया।

# कुशीनगर में युवक की निर्मम हत्या कर शव फेंका, एक किलो मीटर दूर मिली बाइक, जांच में जुटी पुलिस

**कुशीनगर, एजेंसी।** सेवरही क्षेत्र के मठिया भोकरिया गांव में चाफ नहर शाखा के किनारे झाड़ियों में बुधवार की सुबह एक तीस वर्षीय युवक का शव मिलने से सनसनी फैल गई। मृतक के हाथ, पांव व सिर के पीछे धारदार हथियार से प्रहार किया गया था, जबकि माथे प्रथम दृष्टया गोली मारा जाना प्रतीत हो रहा था।

निर्मम घटना मे मृतक के प्रतिरोध का निशान मिला है। मृतक की बाइक घटनास्थल से करीब सात सौ मीटर दूर धर्मपुर पर्वत गांव में उक्त नहर शाखा की पटरी पर बने पिच सड़क के किनारे मिली। एडिशनल एसपी, सीओ, फारेंसिक व स्वाट टीम ने घटनास्थल का निरीक्षण किया। पुलिस विभिन्न बिंदुओं को ध्यान में रख जांच में जुटी है।

सुबह खेत की तरफ गए किसी ग्रामीण ने नहर पुलिया से 100 मीटर पश्चिम सड़क पर बिखरा खून व मांस के टुकड़े देख शोर मचाया। मौके पर भारी भीड़ जुट गई। इधर धर्मपुर पर्वत में सड़क के किनारे झाड़ियों में



लावारिस पड़ी अपाची बाइक संख्या यूपी 57 एएच 9426 जिसके इग्नीशन में चाभी लगी थी को देख ग्रामीणों ने पुलिस को सूचना दी।

मौके पर पहुंचे एसएचओ धीरेंद्र राय व एसआई रणजीत सिंह बघेल ने पड़ताल की। मृतक का चेहरा विकृत हो गया था। बाइक के रजिस्ट्रेशन नंबर व मृतक की जेब में मिले आधार कार्ड व डीएल मे अंकित सूचनाओं के आधार पर मृतक की पहचान कसया क्षेत्र के बतरडेरा निवासी अनिल यादव पुत्र बब्बन यादव के रुप में हुई।

पुलिस की सूचना पर मृतक के गांव वाले घटनास्थल पर पहुंचे व पहचान की पुष्टि की। एडिशन एसपी , सीओ राकेश प्रताप सिंह, स्वाट प्रभारी इंस्पेक्टर आशुतोष सिंह, एसआई आलोक यादव व फोरेंसिक टीम के साथ प्रभारी श्रीप्रकाश मौके पर पहुंच गहन जांच पड़ताल की। सीओ ने बताया कि पोस्टमार्टम रिपोर्ट से गोली मारने व अन्य तथ्यों की पुष्टि होगी। शीघ्र मामले का खुलासा कर दिया जाएगा। ग्रामीणों व रिश्तेदारों से मिली जानकारी के आधार पर पुलिस एक राजस्वकर्मी से रंजिश, गांव के एक राजनीतिक व्यक्ति से भूमि विवाद व मृतक के अविवाहित होने के कारण प्रेम प्रसंग को ध्यान में रखकर जांच में जुटी है। घटनास्थल से कुछ दूरी पर सिगरेट के टुकड़े मिले हैं जिससे यह कयास लगाया जा रहा है अपराधी से मृतक की जान पहचान थी।मृतक के गांव के ही एक व्यक्ति की ससुराल घटनास्थल से लगभग चार किमी दूर तुर्कपट्टी क्षेत्र के सपही टड़वा गांव में है। उच्चाधिकारियों व स्वाट टीम ने उक्त व्यक्ति व सपही टड़वा निवासी साले से भी जानकारी जुटाई।

मृतक अनिल यादव के बड़े भाई की मृत्यु दो तीन वर्ष पूर्व किडनी फेल हो जाने से हो गई थी। अनिल पर माता-पिता, भाभी व भतीजा-भतीजी के भरण पोषण की जिम्मेदारी थी। पहले वह एक राजस्वकर्मी के प्राइवेट मुंशी के रुप में कार्य करता था, बाद में एलपीजी गैस को ढोने वाले कैप्सूल कंटेनर को चलाने लगा।

**फीफा वर्ल्ड कप:**

# अब तक 13 टीमों ने फुटबॉल विश्व कप के लिए क्वालिफाई किया, ब्राजील और ऑस्ट्रेलिया ने भी हासिल किया टिकट

**नई दिल्ली, एजेंसी।** फीफा विश्व कप 2026 अमेरिका, मेक्सिको और कनाडा की मेजबानी में खेला जाना है। ये तीनों देश मेजबान होने के नाते पहले ही क्वालिफाई कर चुके हैं। यह टूर्नामेंट अगले साल जून और जुलाई में खेला जाएगा।

ब्राजील, इक्वाडोर और ऑस्ट्रेलिया ने अगले साल होने वाले फीफा विश्व कप के लिए क्वालिफाई कर लिया है। तीनों ही अपने-अपने मुकाबले जीतने में कामयाब रहे। वहीं, लियोनल मेसी की अर्जेंटीना को कोलंबिया से ड्रॉ खेलना पड़ा। अर्जेंटीना की टीम पहले ही विश्व कप के लिए क्वालिफाई कर चुकी है। इसके अलावा चिली को बोलिविया ने 2-0 से हराया जिससे वह लगातार तीसरी बार विश्व कप से बाहर रहेगा। अब तक कुल मिलाकर 10 टीमों ने क्वालिफाई किया है। 2026 में होने वाले फीफा विश्व कप में 48 टीमें खेलेंगी। 2022 फीफा विश्व कप तक मेन इवेंट में सिर्फ 32 टीमें खेलती थीं।





फीफा विश्व कप 2026 अमेरिका, मेक्सिको और कनाडा की मेजबानी में खेला जाना है। ये तीनों देश मेजबान होने के नाते पहले ही क्वालिफाई कर चुके हैं। यह टूर्नामेंट अगले साल जून और जुलाई में खेला जाएगा।

### ऑस्ट्रेलिया फीफा विश्व कप में खेलेगा

कोनोर मेटकाफे ने ऑस्ट्रेलिया के लिये पहला गोल किया और सउदी अरब पर 2-1 से जीत के साथ टीम को लगातार छठी बार विश्व कप में जगह दिलवाने में मदद की। मिचेल ड्यूक ने दूसरा गोल किया। ऑस्ट्रेलिया को विश्व कप में सीधे जगह बनाने के लिए पांच गोल के अंतर से हार टालनी थी। मेटकाफे ने हाफटाइम से ठीक पहले गोल दागा, जबकि ड्यूक ने 48वें मिनट में हेडर से गोल किया। सउदी अरब के लिये 19वें मिनट में अब्दुल रहमान अल ओबुद ने गोल किया था।

ऑस्ट्रेलिया के लिए 100वां मैच खेल रहे गोलकीपर मैट रियान ने पांच गोल बचाए, जिनमें आखिरी क्षणों में मिली पेनल्टी भी थी। इससे पहले जापान ने इंडोनेशिया को 6-0 से मात देकर लगातार आठवीं बार विश्व कप में जगह बनाई। वहीं, दक्षिण कोरिया ने कुवैत को 4-0 से हराकर लगातार 11वीं बार विश्व कप में प्रवेश किया।

ओमान से 1-1 से ड्रॉ खेलने के बाद फलस्तीन दौड़ से बाहर हो गया। एशिया ऑस्ट्रेलिया से जापान, ईरान, दक्षिण कोरिया, उजबेकिस्तान, जोर्डन और ऑस्ट्रेलिया क्वालिफाई कर चुके हैं। एशिया से तीसरे चौथे स्थान पर रही छह टीमों में से दो और क्वालिफाई करेंगी और यह दौर अक्तूबर में खेला जाएगा। ये टीमें ओमान, कतर, ईराक, सउदी अरब और संयुक्त अरब अमीरात हैं।

## निकोलस पूरन को संन्यास के एक दिन बाद मिली बड़ी जिम्मेदारी, इस टीम ने बनाया कप्तान

**न्यूयॉर्क, एजेंसी।** हाल ही में अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट को अलविदा कहने वाले वेस्टइंडीज के स्टार बल्लेबाज निकोलस पूरन को मेजर लीग क्रिकेट ) के आगामी सत्र के लिए एमआई न्यूयॉर्क का कप्तान बनाया गया है। 29 वर्ष के पूरन ने मंगलवार को अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट से विदा ली थी। एमएलसी का पहला सत्र जीतने वाली टीम ने एक्स पर लिखा, 'हमारी टीम का नया कमांडर होगा कप्तान निकोलस पूरन। आईपीएल में मुंबई इंडियंस की मालिक रिलायंस इंडस्ट्रीज की टीम ने लिखा, 'बाएं हाथ के विकेटकीपर बल्लेबाज दुनिया के सबसे खतरनाक बल्लेबाजों में से है। अपने करियर के शिखर पर बैठे पूरन टीम को अपनी कप्तानी से नई ऊंचाइयों तक ले जाएंगे। पूरन ने 2023 एमएलसी सत्र में 388 रन बनाए थे। तीसरा सत्र बृहस्पतिवार से शुरू होगा। एमआई न्यूयॉर्क में क्विंटोन डिकॉक, कीरान पोलार्ड और राशिद खान जैसे सितारे भी हैं। वेस्टइंडीज के लिए 106 टी20 मैच खेल चुके पूरन ने 136.39 की स्ट्राइक रेट से 2275 रन बनाए हैं। उन्होंने 61 वनडे खेलकर 99.15 की स्ट्राइक रेट से 1983 रन बनाए हैं। पूरन ने लखनऊ सुपर जाइंट्स के लिए इंडियन प्रीमियर लीग का पूरा सत्र खेलने के बाद इंग्लैंड के खिलाफ टी20 श्रृंखला के लिए खुद को कैरेबियाई टीम में चयन से बाहर रखा था। विश्व कप 2023 क्वालीफायर से वेस्टइंडीज के बाहर होने के बाद से उन्होने वनडे क्रिकेट नहीं खेला है। वेस्टइंडीज के लिए उन्होंने आखिरी मैच दिसंबर 2024 में बांग्लादेश के खिलाफ खेला था।



# रियान पराग होंगे कप्तान!

## इंग्लैंड सीरीज के बीच इस छोटे देश के दौरे पर जाएगी भारत की ये टीम

**नई दिल्ली, एजेंसी।** भारतीय टीम इस समय इंग्लैंड में जमकर तैयारी कर रही है. उसे 20 जून से इंग्लैंड के खिलाफ 5 मैचों की टेस्ट सीरीज खेलनी है. इसी बीच भारतीय क्रिकेट से जुड़ी एक बड़ी खबर सामने आई है. भारत की एक टीम इस सीरीज के दौरान नामीबिया का दौरा करेगी. नामीबिया क्रिकेट बोर्ड इस दौरे का ऐलान भी कर दिया है, जिसमें 5 वनडे मैच खेले जाएंगे. ये सीरीज काफी ऐतिहासिक रहने वाली है, और दोनों देशों के खिलाड़ियों के पास एक बड़ा मौका होगा.

नामीबिया क्रिकेट बोर्ड ने ऐलान किया है कि वे असम क्रिकेट संघ के साथ 5 मैचों की वनडे सीरीज की मेजबानी करेंगे. यानी असम की क्रिकेट टीम इसी महीने नामीबिया के दौरे पर जाने वाली है. यह रोमांचक सीरीज 21 जून 2025 से शुरू होकर 29 जून 2025 तक चलेगी, और सभी मैच विन्ढोक स्थित एफएनबी क्रिकेट ग्राउंड पर खेले जाएंगे. जो नामीबिया का प्रमुख क्रिकेट स्टेडियम है. इस सीरीज से पहले नामीबियाई क्रिकेट टीम ने पंजाब और कर्नाटक के खिलाफ भी 50 ओवर के मैचों की सीरीज खेली थी, जो उनकी तैयारियों को मजबूत करने में मददगार रही.

मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक, स्टार बल्लेबाज रियान पराग नामीबिया के असम टीम की कप्तानी करेंगी. वह घरेलू क्रिकेट में असम की ओर से ही खेलते हैं. आईपीएल में शानदार सीजन बिताने के बाद पराग युवा और अनुभवी खिलाड़ियों के मिश्रण वाली संतुलित टीम की अगुआई करने के लिए तैयार माने जा रहे हैं. दूसरी ओर, नामीबिया की टीम गेरहार्ड इरास्मस की अगुआई में मैदान पर उतर सकती है.

**नामीबिया-असम सीरीज का शेड्यूल**

पहला मैच–21 जून 2025
दूसरा मैच–23 जून 2025
तीसरा मैच– 25 जून 2025
चौथा मैच– 27 जून 2025
पांचवां मैच– 29 जून 2025




## 16वां डोलोमिटी इंटरनेशनल शतरंज टूर्नामेंट मार्टिन नें बनाई एकल बढ़त, हिमल ठीक पीछे



**फोरनी दी सोपरा, इटली, एजेंसी।** इटली के विश्व धरोहर स्थल के रूप में प्रसिद्ध डोलोमाइट्स पर्वतमाला में स्थित फोर्नी दी सोपरा में 16वें डोलोमिटी इंटरनेशनल शतरंज टूर्नामेंट का आधा पडाव अब पार हो गया है टूर्नामेंट के पांचवें राउंड के बाद बुल्गारिया के टॉप सीड ग्रांड मास्टर मार्टिन पेट्रोव चार जीत और एक ड्रॉ के साथ 4.5 अंक बनाकर एकल बढ़त पर पहुँच गए है। जबकि भारत के इंटरनेशनल मास्टर हिमल गुसेन भारत के अगले ग्रांड मास्टर बनने की राह मे कदम बढाते हुए 3 जीत और 2 ड्रॉ के साथ 4 अंक बनाते हुए सयुंक्त दूसरे स्थान पर है, हिमल जिनकी वर्तमान रेटिंग 2490 है फिलहाल अपनी रेटिंग मे 2 अंक और जो? चुके है और जबकि वह टूर्नामेंट में खेल रहे दोनों ग्रांड मास्टर्स से खेल चुके है उम्मीद है वह अपनी रेटिंग में बचे हुए चार राउंड में और अंक जोऐंगे और ग्रांड मास्टर बनने के लिए महत्वपूर्ण औपचारिकता 2500 अंक के आंकड़े को छू सकते है।


## इंग्लैंड ने वेस्टइंडीज को टी20 श्रृंखला में किया क्लीन स्वीप



**साउथम्पटन, एजेंसी।** वेस्टइंडीज को तीसरे टी20 मैच में 37 रन से हराकर इंग्लैंड ने तीन मैचों की श्रृंखला 3-0 से जीत ली। पहले बल्लेबाजी के लिए भेजे जाने पर इंग्लैंड ने तीन विकेट पर 248 रन बनाए। बेन डकेट ने 46 गेंद में 84 रन बनाए और पहले विकेट के लिए जैमी स्मिथ के साथ 120 रन की साझेदारी की। स्मिथ ने 26 गेंद में पांच छक्कों की मदद से 60 रन बनाए। दस ओवर के बाद इंग्लैंड का स्कोर एक विकेट पर 135 रन था। कप्तान हैरी ब्रूक (35) और जैकब बेथेल (36) ने 5.1 ओवर में 70 रन जोड़े। वेस्टइंडीज की टीम आठ विकेट पर 211 रन ही बना सकी। रोवमैन पॉवेल ने 45 गेंद में नाबाद 79 रन बनाए जबकि शाइ होप ने 27 गेंद में 45 रन जोड़े। इंग्लैंड ने वनडे श्रृंखला भी 3-0 से जीती थी। अब इंग्लैंड की टीम 20 जून से भारत के खिलाफ पांच टेस्ट मैचों की श्रृंखला खेलेगी।

**अल्टीमेट टेबल टेनिस:**

# अहमदाबाद ने कोलकाता को 8-7 से हराया, विश्व के 26वें नंबर के खिलाड़ी के खिलाफ बड़ा उलटफेर



**नई दिल्ली, एजेंसी।** अल्टीमेट टेबल टेनिस (यूटीटी) में अहमदाबाद एसजी पाइपर्स ने कोलकाता थंडरब्लेड्स को 8-7 से हरा दिया। यह मैच अहमदाबाद के ईकेए एरेना में मंगलवार को खेला गया। भारतीय खिलाड़ी स्नेहिल सुरावज्जुआ ने विश्व के 26वें नंबर के खिलाड़ी क्वाड्री अरुणा को सीधे गेम में हरा कर टूर्नामेंट का सबसे बड़ा उलटफेर किया। शानदार जीत के बावजूद, अहमदाबाद एसजी पाइपर्स प्लेआफ की दौड़ से बाहर हो गई है और उनका इंडियन आयल यूटीटी सीजन 6 का सफर यहीं समाप्त हो गया। वहीं, कोलकाता थंडरब्लेड्स को अपनी प्लेआफ की किस्मत का फैसला जानने के लिए आखिरी दो मुकाबलों का इंतजार करना होगा। वहीं, डेम्पो गोवा चैलेंजर्स और दबंग दिल्ली टीटीसी ने भी प्लेआफ के लिए क्वालिफाई किया।

### रिकार्डो वाल्टर ने अंकुर भट्टाचार्य को पहली हार चखाई

शाम की शुरुआत रोमांच से हुई जब जर्मन खिलाड़ी रिकार्डो वाल्टर ने कोलकाता के अंकुर भट्टाचार्य को सीजन की पहली हार चखाई। अंकुर ने पहले गेम में 7-1 की बढ़त ली थी, लेकिन वाल्टर ने जबरदस्त वापसी करते हुए यह गेम 11-10 से जीत लिया। इसके बाद उन्होंने दूसरा गेम 11-5 से जीतकर मैच अपने नाम कर लिया। अंकुर ने आखिरी गेम जीतकर कोलकाता को मुकाबले में बनाए रखा।

### एड्रियाना डियाज ने आयहिका मुखर्जी को 2-1 से हराया

महिला एकल में, आयहिका मुखर्जी ने प्यूर्टो रिको की दिग्गज खिलाड़ी एड्रियाना डियाज के खिलाफ पहला गेम जीत लिया, लेकिन डियाज ने अगला दोनों गेम बड़े अंतर से जीतकर मुकाबला 2-1 से अपने नाम किया। निर्णायक गेम में डियाज़ ने 11-1 से बाजी मारी। मिक्स्ड डबल्स में अंकुर और डियाजी ने दबाव के क्षणों में संयम बरतते हुए वाल्टर और आयहिका को 2-1 से हराया।

स्नेहित ने अरुणा को 3-0 से हराया

अब तक सीजन में जीत की तलाश कर रहे स्नेहित ने चौथे मैच में क्वाड्री अरुणा को 3-0 से हराकर जबरदस्त प्रदर्शन किया। उन्होंने पहले गेम में 9-10 और दूसरे गेम में 5-8 से पिछड़ने के बावजूद वापसी की और आक्रामक फोरहैंड शॉट्स के दम पर एकतरफा अंदाज़ में जीत दर्ज की। यह यूटीटी सीज़न 6 की सबसे बड़ी व्यक्तिगत जीतों में से एक रही।

### यशिनी शिवशंकर ने सेलिना सेल्वाकुमार 2-1 से हराया

अंतिम मैच में तमिलनाडु की यशिनी शिवशंकर और सेलिना सेल्वाकुमार आमने-सामने थीं, जो हाल ही में डब्ल्यूटीटी स्टार कंटेंडर चेन्नई सर्किट में डबल्स जोड़ीदार भी रही हैं। इस मुकाबले में सेलिना ने 2-1 से जीत दर्ज कर इस सीजन की अपनी पहली जीत हासिल की। स्नेहित को 'भारतीय प्लेयर आफ द टाई' और डियाज को 'विदेशी प्लेयर आफ द टाई' चुना गया, जबकि रिकार्डो वाल्टर को 'शाट आफ द टाई' अवार्ड मिला।

# रोहित शर्मा का वनडे करियर भी खत्म?



**नई दिल्ली, एजेंसी।** भारतीय क्रिकेट टीम के तीनों फॉर्मेट फॉर्मेट में अभी अलग-अलग कप्तान हैं. रोहित शर्मा के टेस्ट से रिटायरमेंट के बाद बीसीसीआई ने शुभमन गिल को नया कप्तान नियुक्त किया, जो अभी इंग्लैंड में 5 मैचों की टेस्ट सीरीज खेलेंगे.

टी20 में सूर्यकुमार यादव कप्तान हैं, हालांकि अभी वनडे में रोहित ही कप्तान हैं. लेकिन एक रिपोर्ट में खुलासा हुआ कि बोर्ड को लगा था कि रोहित खुद को चैंपियंस ट्रॉफी के बाद संन्यास ले लेंगे, लेकिन ऐसा नहीं हुआ. वनडे फॉर्मेट में बीसीसीआई की प्लानिंग 2027 वर्ल्ड कप को ध्यान में रखकर होगी. रोहित शर्मा ने टी20 वर्ल्ड कप खिताब जीतकर क्रिकेट के सबसे छोटे फॉर्मेट से संन्यास की घोषणा कर दी थी. उनकी कप्तानी में भारत ने इस साल चैंपियंस ट्रॉफी का खिताब जीता, हालांकि उन्होंने संन्यास नहीं लिया. लेकिन इसके बाद उन्होंने टेस्ट से अलविदा कह दिया है.

रोहित शर्मा 2027 में 40 साल के होंगे, ऐसे में सवाल ये हैं कि क्या उनकी फिटनेस और फॉर्म उस समय ऐसी होगी कि वह स्क्वॉड में जगह बना पाए. इस बीच एक रिपोर्ट में खुलासा हुआ कि बीसीसीआई नए वनडे कप्तान पर विचार कर रही है.

# इंग्लैंड दौरे के लिए न्यूजीलैंड-ए टीम का ऐलान

**क्राइस्टचर्च, एजेंसी।** न्यूजीलैंड-ए और इंग्लैंड-ए के बीच 23 जून से वनडे सीरीज की शुरुआत होने जा रही है। सलामी बल्लेबाज जॉर्जिया प्लिमर और विकेटकीपर-बल्लेबाज इजी गेज को इंग्लैंड के व्हाइट-बॉल दौरे के लिए 15 सदस्यीय न्यूजीलैंड ए टीम में शामिल किया गया है।

इंग्लैंड-ए की इस टीम में न्यूजीलैंड के लिए खेल चुके 11 खिलाड़ी शामिल हैं, जो इस महीने के अंत में इंग्लैंड के छह मैचों के दौरे पर जाएंगी। इस दौरे में तीन लिस्ट ए वन-डे और उसके बाद तीन टी20 मैच शामिल हैं। न्यूजीलैंड क्रिकेट ने कहा, टीम शनिवार को रवाना होगी और 23 जून को डर्बी में अपना पहला वन-डे मैच खेलेगी। असिस्टेंट कोच ब्रेंडन डोनकर्स इंग्लैंड में टीम के एकजुट होने के बाद कप्तान के नाम की घोषणा करेंगे। प्लिमर और विकेटकीपर-बल्लेबाज गेज जेस वॉटकिन इस बैटिंग यूनिट की अहम खिलाड़ी हैं। इनके अलावा हाल ही में इंटरनेशनल डेब्यू करने वाली बेला जेम्स और पोली इंग्लिस, एम्मा मैकलियोड और इजी शार्प भी टीम में मौजूद हैं। वॉटकिन गेंद और बल्ले से महत्वपूर्ण प्रदर्शन कर चुकी हैं। उन्होंने अपनी टीम को लगातार दूसरे साल सुपर स्मैश एलिमिनेशन फाइनल में पहुंचाया है।



हाल के घरेलू सत्रों में लगातार अच्छे प्रदर्शन के बाद, इन-स्विंगर ऑलराउंडर नेंसी पटेल को फिर से खुद को परखने का मौका मिलेगा। स्पिन दल में ऑलराउंडर पटेल, वॉटकिन और डेवोनशायर के साथ-साथ अन्ना ब्राउनिंग भी शामिल हैं।

न्यूजीलैंड क्रिकेट की महिला हाई परफॉरमेंस हेड लिज ग्रीन का कहना है कि ये टूर अमूल्य सीख का मौका देगा। उन्होंने कहा, हम प्रतिभाशाली खिलाड़ियों के इस ग्रुप को इंग्लैंड भेजने के लिए सच में उत्साहित हैं। उन्हें अलग-अलग परिस्थितियों में एक मजबूत प्रतिद्वंद्वी का सामना करके अपने खेल को आगे बढ़ाने का मौका मिलेगा, साथ ही उन्हें अंतरराष्ट्रीय दौरे का अनुभव भी मिलेगा।

### न्यूजीलैंड ए टीम:

एम्मा ब्लैक, अन्ना ब्राउनिंग, फ्लोरा डेवोनशायर, इजी गेज, एमी हकर, ब्री इलिंग, पोली इंग्लिस, बेला जेम्स, एम्मा मैकलियोड, नेंसी पटेल, मौली पेनफोल्ड, जॉर्जिया प्लिमर, हन्ना रोवे, इजी शार्प, जेस वाटकिन।

**ऑस्ट्रेलियन रेस वॉकिंग:**

## प्रियंका ने जीती 10 किमी पैदलचाल, सत्र की पहली जीत दर्ज की; रामबाबू को कांस्य पदक

**नई दिल्ली, एजेंसी।** भारत की पैदलचाल एथलीट प्रियंका गोस्वामी ने सत्र की पहली जीत दर्ज करते हुए इंसब्रुक में ऑस्ट्रियन रेसवॉकिंग चैंपियनशिप में महिलाओं की 10 किलोमीटर दौड़ में पहला स्थान हासिल किया। गोस्वामी ने 47 मिनट और 54 सेकेंड का समय निकाला। उनके नाम 20 किलोमीटर रेसवॉक में एक घंटे, 28.45 मिनट का राष्ट्रीय रिकॉर्ड है। 10 किलोमीटर में उनका सर्वश्रेष्ठ निजी प्रदर्शन 45 मिनट और 47 सेकेंड का है जो उन्होंने 2022 में बनाया था। गोस्वामी ने अपने सोशल मीडिया हैंडिल पर लिखा, एक मिनट की पेनाल्टी के बावजूद मैने स्वर्ण जीता जो आसान नहीं था। बुखार और पेनाल्टी के बाद यह मुश्किल था। वह मई में मेलबर्न में एथलेटिक्स विक्टोरिया वॉकिंग चैंपियनशिप में दूसरे स्थान पर रही थी।

